दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, बुधवार 11 मार्च 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 996

## संक्षिप्त खबरें ।

### संसद में "महायुद्ध": स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव मंजूर, 118 सांसदों ने खोला मोर्चा



लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** भारतीय संसदीय इतिहास में आज एक बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। मंगलवार को कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। विपक्षी दलों के भारी हंगामे और 50 से अधिक सांसदों के समर्थन के बाद, पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल ने इस प्रस्ताव को सदन में चर्चा के लिए स्वीकार कर लिया है।
**विपक्षी एकजुटता और 'पक्षपात' के आरोप** :विपक्ष के कुल 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। विपक्ष का मुख्य आरोप है कि स्पीकर का व्यवहार ₹पक्षपातपूर्ण₹ रहा है। प्रस्ताव पढ़ते हुए मोहम्मद जावेद ने कहा कि सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने से रोका गया। साथ ही, उन्होंने स्पीकर के उस आरोप का भी जिक्र किया जिसमें विपक्षी महिला सांसदों पर प्रधानमंत्री पर शारीरिक हमले की योजना बनाने का कथित झूठा दावा किया गया था।
चर्चा शुरू होने से पहले ही सदन में तीखी नोकझोंक देखने को मिली। एआईएमआईएम (AIMIM) सांसद असदुद्दीन ओवैसी और कांग्रेस के के.सी. वेणुगोपाल ने 'डिप्टी स्पीकर' का पद खाली होने पर सवाल उठाए। वेणुगोपाल ने जगदंबिका पाल की अध्यक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा, ₹आपकी नियुक्ति स्वयं स्पीकर ने की है, जबकि इस बहस के लिए सदन को किसी ऐसे व्यक्ति को चुनना चाहिए जो स्वतंत्र रूप से कार्यवाही का संचालन कर सके।₹ दूसरी ओर, भाजपा सांसदों रविशंकर प्रसाद और निशिकांत दुबे ने विपक्ष की इन आपत्तियों को ₹निराधार₹ बताया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने भी सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि इस मुद्दे को उठाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। पीठासीन अधिकारी ने इस महत्वपूर्ण बहस के लिए कुल 10 घंटे का समय निर्धारित किया है। चर्चा की शुरुआत किरेन रिजीजू करेंगे। उनके साथ अनुराग ठाकुर, निशिकांत दुबे, रविशंकर प्रसाद, भर्तृहरि महताब और चिराग पासवान सरकार की ओर से मोर्चा संभालेंगे। कांग्रेस की ओर से गौरव गोगोई, मनीष तिवारी, दीपेंद्र सिंह हुड्डा और जोतिमणि अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में अपनी दलीलें पेश करेंगे।

# तो सरेंडर कर देगा ईरान? ये इलाका मुट्ठी में आया तो खेल खत्म-खजाना खाली, क्या डोनाल्ड ट्रंप दबाएंगे ट्रिगर

लोक तंत्र की आवाज़



**कब्जे से क्या होगा!**
इस द्वीप पर हमला करना या कब्जे से ईरान के तेल खजाना खाली हो जाएगा! अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के लिए धन नहीं जुटा पाएगी ईरान की खामेनेई सरकार ! ईरान दूसरे देशों को तेल का निर्यात नहीं कर पाएगा! कच्चे तेल की कीमतों में बड़ा उछाल आने की आशंका

**नईदिल्ली।** अमेरिका-इजरायल के ईरान से चल रहे युद्ध के 11 दिन हो चुके हैं, लेकिन मिसाइल-ड्रोन हमलों के धमाके बंद नहीं हो रहे हैं. उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि जंग जल्द ही खत्म हो जाएगी. सवाल है कि क्या अमेरिका ऐसा कुछ चौंकाने वाला कदम उठा सकता है, जिससे ईरान सरेंडर को मजबूर हो जाएगा. खबरों के मुताबिक, अमेरिका ईरान के तेल निर्यात के सबसे बड़े इलाके खार्ग आइलैंड पर कब्जा कर सकता है, यहां से ईरान का 90 फीसदी तेल दूसरे देशों को जाता है. अगर अमेरिका ने 25-30 किलोमीटर के दायरे में फैले इस द्वीप पर कब्जा जमा लिया तो ईरान सरेंडर करने को मजबूर हो सकता है।

**ईरान की रीढ़ है खार्ग आइलैंड :** खार्ग आइलैंड ईरान की इकोनॉमी की रीढ़ है. पिछले 70 सालों से ईरान और विदेशी कंपनियों ने यहां भारी निवेश किया है. ये ईरान के तेल के कुओं और दुनिया भर के देशों को निर्यात के बीच अहम कड़ी है. अमेरिका-इजरायल के ईरान से युद्ध के बीच ऐसे रणनीतिक हथियार को आजमाने का प्रयास हो सकता है।

**अब तक अमेरिका अपने टारगेट में नाकाम! :** ईरान के भीतर तेहरान, इस्फहान, कोम जैसे शहरों में सेना और सरकार के ठिकानों पर ! अमेरिका-इजरायल ने भीषण हमले किए हैं. लेकिन ईरान का मुख्य तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप अभी तक अछूता रहा है. रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप द्वीप पर कब्जे या घेराबंदी जैसे सैन्य ऑपरेशन पर विचार कर रहे हैं, ताकि ईरान को झुकने के लिए मजबूर किया जा सके. ईरान में अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बावजूद अभी तक सत्ता परिवर्तन की मुहिम रंग नहीं लाई है।

**खार्ग आइलैंड क्या है ?:** फारस की खाड़ी में ईरान के तट से लगभग 25-30 किलोमीटर दूर खार्ग एक छोटा ईरानी द्वीप है, लेकिन ये ईरान की इकोनॉमी की ऑक्सीजन की तरह है. ये द्वीप ईरान का अहम कच्चा तेल निर्यात टर्मिनल है, जहां से ईरान के तेल निर्यात का लगभग 90 प्रतिशत कारोबार होता है. यहां से रोजाना लगभग 70 लाख बैरल तेल की लोडिंग हो सकती है।

**क्योंईरान के इजरायल-अमेरिका युद्ध में अहम :** अमेरिका ने ईरान के परमाणु संयंत्रों, मिसाइल लांचिंग सेंटर और सैन्य ठिकानों पर भारी बमबारी की है. लेकिन खार्ग जैसे तेल भंडारों पर कोई हमला नहीं किया गया है.ये दिखाता है कि ये जगह ईरान की अर्थव्यवस्था और ग्लोबल ऑयल मार्केट के लिए कितना अहम है. इस पर हमला करने या रोकने ईरान की कच्चे तेल के निर्यात की ताकत खत्म हो जाएगी. हालांकि इससे कच्चे तेल की कीमतों में थोड़े वक्त के लिए इजाफा भी देखने को मिल सकता है. अगर खाड़ी देशों में यह युद्ध लंबा फैला तो टैंकरों की आवाजाही ठप पड़ जाएगी।

**कहां है खार्ग आइलैंड:** खार्ग आइलैंड होर्मुज स्ट्रेट के बेहद करीब है और सऊदी अरब, यूएई, जार्डन, ओमान से लेकर कतर-बहरीन तक सारे मध्य पूर्व देश जानते हैं कि ये कच्चे तेल-गैस की सप्लाई का सबसे अहम चोकप्वाइंट है. अगर यहां कोई भी बड़ी सैन्य कार्रवाई के दौरान मिसाइल-ड्रोन हमले होते हैं तो पूरी दुनिया पर असर पड़ेगा. अभी होर्मुज स्ट्रेट की सप्लाई में रुकावट के बिना ही कच्चे तेल में उछाल आ रहा है. भारत समेत कई देशों ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ा दी हैं।

## 104 अरब डॉलर का मुनाफा...पर अरामको की उड़ी नींद! ईरान के साथ टकराव ने बिगाड़ा सऊदी का खेल

लोक तंत्र की आवाज़

**रियाद।** हाल ही में ईरानी हमले की जद में आई दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी सऊदी अरामको को वर्ष 2025 में 104 अरब डॉलर का लाभ हुआ जो 2024 की तुलना में कम है. कंपनी ने मंगलवार को वर्ष 2025 के अपने वित्तीय नतीजे जारी किए. इसके मुताबिक, कंपनी को 2024 में 110 अरब डॉलर का लाभ हुआ था लेकिन 2025 में यह घटकर 104 अरब डॉलर रह गया. दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको ने कहा कि वर्ष 2025 में उसका राजस्व 445 अरब डॉलर रहा, जो एक साल पहले 480 अरब डॉलर था. ईरान युद्ध के दौरान अरामको के तेल क्षेत्रों और प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए जाने से उसका प्रदर्शन प्रभावित हुआ है।

**3 बिलियन डॉलर का बायबैक :** सऊदी अरब की अरामको, जो दुनिया की टॉप ऑयल एक्सपोर्टर है, ने बताया कि क्रूड ऑयल की कम कीमतों की वजह से उसके सालाना प्रॉफिट में 12 फीसदी की गिरावट आई है, लेकिन उसने घोषणा की कि वह अपने पहले बायबैक में 3 बिलियन डॉलर तक के शेयर वापस खरीदेगी. यह बायबैक प्रोग्राम अगले 18 महीनों में चलाया जाएगा. अब तक, कंपनी शेयरहोल्डर्स को इनाम देने के लिए अपने बड़े डिविडेंड पेमेंट पर निर्भर रही है. ये नतीजे ग्लोबल ऑयल मार्केट के लिए बहुत उतार-चढ़ाव वाले समय में आए हैं, क्योंकि ईरान पर अमेरिका-इजरायल युद्ध की वजह से होर्मुज स्ट्रेट लगभग बंद हो गया है और कई रीजनल प्रोड्यूसर्स को प्रोडक्शन कम करने पर मजबूर होना पड़ा है. ब्रेंट क्रूड, जो सोमवार को 120 डॉलर के करीब पहुंच गया था, मंगलवार को 93 डॉलर के आसपास ट्रेड कर रहा है।




**कुछ ऐसा रहा रिजल्ट**
अरामको ने 2025 के लिए 93.4 बिलियन डॉलर की नेट इनकम बताई, जो LSEG के 95.6 बिलियन डॉलर के आम अनुमान से कम है. चौथी तिमाही में, ज़्यादा ऑपरेटिंग कॉस्ट की वजह से नेट प्रॉफ़िट 20.5 फीसदी गिरकर लगभग 17.8 बिलियन डॉलर हो गया, जो साल-दर-साल प्रॉफ़िट में गिरावट की लगातार 12वीं तिमाही है. अरामको ने चौथी तिमाही के लिए 21.1 बिलियन डॉलर का बेस डिविडेंड और 219 मिलियन डॉलर का परफॉर्मेंस-लिंक्ड डिविडेंड देने की पुष्टि की है, यह एक ऐसा तरीका है जिसे यूक्रेन वॉर के बाद 2022 में बंपर प्रॉफ़िट के बाद शुरू हुए फ्री कैश फ़्लो के आधार पर कैलकुलेट किया गया है.

## अमेरिका से बातचीत की संभावना खत्म ईरान के विदेश मंत्री अरघची का बड़ा बयान

लोक तंत्र की आवाज़



**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरघची ने असफल वादों और सैन्य आक्रामकता के इतिहास का हवाला देते हुए वाशिंगटन के साथ राजनयिक वार्ता में फिर से शामिल होने की संभावना को खारिज कर दिया है।पीबीएस न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में विदेश मंत्री ने कहा, "लेकिन मुझे नहीं लगता कि अमेरिकियों के साथ बातचीत करने या उनके साथ फिर से बातचीत करने का सवाल उठेगा, क्योंकि अमेरिकियों के साथ बातचीत का हमारा अनुभव बहुत कड़वा रहा है।

पूर्व के राजनयिक प्रयासों पर विचार करते हुए, अराघची ने दावा किया कि तेहरान ने सद्भावना से प्रयास किए थे, लेकिन परिणामस्वरूप उसे नए सिरे से शत्रुता का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, "हमने पिछले साल जून में उनसे बातचीत की थी, और उन्होंने बातचीत के बीच में ही हम पर हमला कर दिया। और इस साल भी उन्होंने हमें यह समझाने की कोशिश की कि इस बार स्थिति अलग है। उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि उनका हम पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है, और वे ईरान के परमाणु मुद्दे को शांतिपूर्ण ढंग से हल करना चाहते हैं और बातचीत के जरिए कोई समाधान निकालना चाहते हैं। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि राजनयिक सफलताओं की खबरों के बावजूद, अमेरिका ने संघर्ष का रास्ता चुना है।

उन्होंने कहा, "और आखिरकार हमने मान लिया। लेकिन, तीन दौर की बातचीत के बाद, और बातचीत में शामिल अमेरिकी टीम द्वारा खुद यह कहने के बावजूद कि हमने काफी प्रगति की है, उन्होंने फिर भी हम पर हमला करने का फैसला किया। इसलिए मुझे नहीं लगता कि अब अमेरिकियों से बातचीत करना हमारी प्राथमिकता होगी। मोजतबा खामेनेई को नए सर्वोच्च नेता के रूप में चुने जाने के बाद हुए हालिया आंतरिक नेतृत्व परिवर्तन को संबोधित करते हुए, अराघची ने इस कदम को "निरंतरता और साथ ही साथ किसी प्रकार की स्थिरता" का संकेत बताया। उन्होंने इस चयन के महत्व को स्वीकार किया, लेकिन सुझाव दिया कि नए नेता के विशिष्ट नीतिगत रुख उचित समय पर प्रकट किए जाएंगे। अराघची ने समझाया, "खैर, सबसे पहले तो, अभी उनके लिए कोई टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। हम सभी उनके भाषणों और टिप्पणियों का इंतजार कर रहे हैं, जो बाद में आएंगे।"जैसे ही सैन्य संघर्ष दसवें दिन में प्रवेश कर गया, विदेश मंत्री ने दावा किया कि त्वरित जीत के लिए अमेरिका और इजरायल के उद्देश्य विफल हो गए हैं।

## आग उगलते सूरज का गुस्सा, 2034 में गिरने वाला NASA का सैटेलाइट आज ही धरती पर गिर रहा

लोक तंत्र की आवाज़



**नईदिल्ली।** आज 10 मार्च 2026 को नासा का एक बड़ा सैटेलाइट पृथ्वी के वायुमंडल में घुसने वाला है. यह सैटेलाइट है वैन एलन प्रोब ए जिसका वजन करीब 600 kg है. इसे अगस्त 2012 में लॉन्च किया गया था. अब लगभग 14 साल बाद यह अपना अंतिम सफर पूरा कर रहा है.

अमेरिकी स्पेस फोर्स ने 9 मार्च को बताया कि यह सैटेलाइट भारतीय समय के हिसाब से रात में करीब 8-9 बजे के आसपास वायुमंडल में दाखिल होगा लेकिन इसमें 24 घंटे तक का फर्क हो सकता है. हर घंटे नई जानकारी आ रही है. स्पेस फोर्स लगातार निगरानी कर रहा है। नासा का कहना है कि ज्यादातर हिस्सा हवा के घर्षण से जल जाएगा लेकिन कुछ मजबूत पार्ट्स बच सकते हैं फिर भी पृथ्वी पर किसी को नुकसान पहुंचने का खतरा बहुत कम है।

**यह सैटेलाइट असल में क्या था और इसका मिशन क्या था ?:** वैन एलन प्रोब ए और इसका जुड़वां भाई प्रोब बी पृथ्वी के चारों ओर मौजूद रेडिएशन बेल्ट यानी विकिरण क्षेत्र का अध्ययन करने के लिए बनाए गए थे. ये बेल्ट पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की वजह से सूरज से आने वाले खतरनाक कणों को पकड़कर रखते हैं. इनका नाम वैज्ञानिक जेम्स वैन एलन के नाम पर पड़ा है। दोनों सैटेलाइट 2012 में लॉन्च हुए थे. मूल रूप से सिर्फ दो साल का मिशन था लेकिन ये 2019 तक काम करते रहे. प्रोब बी जुलाई 2019 में और प्रोब ए अक्टूबर 2019 में बंद कर दिए गए. ये उपग्रह पृथ्वी से सबसे पास 621 km और सबसे दूर 304155 km तक की अण्डाकार कक्षा में घूमते थे जिससे उन्होंने रेडिएशन बेल्ट के हर हिस्से का डेटा इकट्ठा किया। आज भी वैज्ञानिक उस पुराने डेटा को देखकर समझ रहे हैं कि सूरज की गतिविधि कैसे सैटेलाइट, अंतरिक्ष यात्री और पृथ्वी पर मोबाइल जीपीएस इंटरनेट तथा बिजली के तारों को प्रभावित करती है।

जब मिशन खत्म हुआ था तब वैज्ञानिकों ने सोचा था कि दोनों उपग्रह 2034 तक ऊपर रहेंगे लेकिन पिछले कुछ सालों में सूरज बहुत ज्यादा सक्रिय रहा है. सूरज की इस बढ़ी हुई गतिविधि की वजह से पृथ्वी का वायुमंडल थोड़ा फैल गया है जिससे ऊपर घूम रहे उपग्रहों पर हवा का घर्षण बहुत बढ़ गया है।

## पहले पाकिस्तान, अब ईरान में धोखा दे गए चीनी हथियार

लोक तंत्र की आवाज़

**भारत का डिफेंस सिस्टम साबित हुआ अभेद्य शील्ड**



**नईदिल्ली।** दुनिया में चीन को लंबे समय से तेजी से उभरती सैन्य ताकत माना जाता रहा है. सस्ती कीमत और बड़े पैमाने पर हथियारों का उत्पादन करने के लिए उसकी खूब चर्चा भी होती है. सस्ता और जल्द डिलिवरी होने के कारण कई देशों ने चीनी हथियार खरीदे भी. लेकिन 2025 और 2026 की शुरुआत में सामने आई कई घटनाओं ने इन हथियारों की विश्वसनीयता पर ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया. ईरान, वेनेजुएला, पाकिस्तान और दक्षिण-पूर्व एशिया के संघर्षों में इस्तेमाल किए गए कई चीनी सिस्टम उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर पाए. इसके उलट, भारत ने मल्टीलेवल एयर डिफेंस नेटवर्क विकसित किया, जिसमें अलग-अलग तकनीकों का मिश्रण किया गया. .यह रूसी, इज़रायली और स्वदेशी सिस्टम का संयोजन है, जिससे एक सिस्टम के असफल होने पर दूसरा एक्टिव रहता है. इस लिहाज से देखा जाए तो भारत की स्पीड भले ही कम हो, लेकिन हथियारों की सफलता में चीन से दो कदम आगे नजर आता है।

बताती है कि चीन दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा हथियार निर्यातक है,। 2021 से 2025 के बीच वैश्विक हथियार निर्यात में उसकी हिस्सेदारी करीब 5.8 प्रतिशत रही है. फिर भी हाल की घटनाओं ने यह संकेत दिया है कि तकनीकी विश्वसनीयता और युद्धक्षेत्र में प्रदर्शन को लेकर कई देशों की चिंताएं बढ़ रही हैं.

**ईरान और वेनेजुएला में एयर डिफेंस सिस्टम की नाकामी :** फरवरी 2026 में अमेरिका और इज़रायल के जॉइंट के दौरान ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया. इन हमलों से बचाव के लिए तैनात चीन का HQ-9B एयर डिफेंस सिस्टम वैसा काम नहीं कर पाया, जिसकी उम्मीद थी. विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर हमलों के कारण रडार नेटवर्क बाधित हो गया, जिससे आने वाले टारगेट्स को ट्रैक करना मुश्किल हो गया. परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण ठिकानों पर सटीक हमले संभव हो सके। कुछ इसी तरह की स्थिति जनवरी 2026 में वेनेजुएला में देखने को मिली. वहां अमेरिकन स्पेशल फोर्सेस द्वारा चलाए गए एक अभियान के दौरान HQ-12 एयर डिफेंस सिस्टम और JY-27A रडार भी सही तरीके से काम करने में असफल रहे. इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग और साइबर हमलों के कारण रडार नेटवर्क कमजोर पड़ गया और एयर डिफेंस एक्टिविटी बेहद सीमित रही।

**भारत ने भी परख ली चीनी ताकत!:** मई 2025 में भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान पाकिस्तान के पास मौजूद चीनी एयर डिफेंस सिस्टम HQ-9 और LY-80 भी चर्चा में आए. रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय लड़ाकू विमानों और लंबी दूरी की मिसाइलों को रोकने में ये सिस्टम फिसड्डी साबित हुए. PL-15 एयर-टू-एयर मिसाइल की चर्चा इसलिए हुई, क्योंकि वह टारगेट तक पहुंचे बिना जमीन पर गिर गई। दूसरी ओर कंबोडियाई सैनिकों द्वारा इस्तेमाल की जा रही टाइप-80 और टाइप-95 मशीनगनों में लगातार फायरिंग के दौरान तकनीकी दिक्कतें सामने आईं.

## बिहार : हड़ताल पर गए राजस्व अधिकारियों को डिप्टी CM विजय सिन्हा की चेतावनी

लोक तंत्र की आवाज़



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजस्व विभाग के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर सोमवार को विभाग की उपलब्धियां गिनाईं और हड़ताल पर गए अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी। राजस्व विभाग में सिन्हा ने कहा कि हड़ताल पर गए अंचलाधिकारी (सीओ) और राजस्व अधिकारियों (आरओ) के अनुपस्थित रहने के दिनों की गणना सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी ठीक से नौकरी नहीं करेगा तो उसकी सेवा समाप्त भी की जा सकती है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सिन्हा ने कहा, अगर नौकरी करनी है तो सेवा भाव से करें। जो लोग ढंग से काम नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कुछ लोग हड़ताल कर अपनी ही मांगों को कमजोर कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह मौसम हड़ताल का नहीं, बल्कि काम करने का है। मार्च का महीना मिलकर काम करने और विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने का है। लोगों की समस्याओं का समाधान कर अच्छा संदेश देना चाहिए था, लेकिन हड़ताल से जनता के बीच गलत संदेश जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अभी भी समय है, जो अधिकारी और कर्मचारी काम पर लौट आएंगे, उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा, लेकिन जो नहीं लौटेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि अंचलाधिकारी और कर्मचारी स्थायी रूप से हड़ताल पर जाते हैं तो सरकार विभाग में नयी बहाली भी कर सकती है। उन्होंने कहा कि इससे परेशानी हड़ताल करने वालों की ही बढ़ेगी और जरूरत पड़ने पर निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। सिन्हा ने कहा कि पिछले 100 दिनों के दौरान विधानसभा का सत्र भी चला और होली जैसे बड़े त्योहार भी आए, लेकिन इसके बावजूद विभाग ने लगातार काम किया।

## भाजपा ने नीतीश कुमार को 'डिजिटल अरेस्ट' कर लिया है, बिहार में बेमेल गठबंधन की सरकार : राजेश राम

लोकतंत्र की आवाज




**संवाददाता विनोद प्रसाद**
**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के साथ हाल के घटनाक्रम से कांग्रेस को कोई आश्चर्य नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह घटना होना ही था, क्योंकि मौजूदा सरकार वोट चोरी की बदौलत बनी थी और भारतीय जनता पार्टी लगातार पर्दे के पीछे से नीतीश कुमार को हटाने की साजिश रच रही थी।

राजेश राम ने कहा कि भाजपा ने अब नीतीश कुमार को "डिजिटल अरेस्ट" कर लिया है। जो नीतीश कुमार हमेशा समाजवादी विचारधारा की लड़ाई लड़ते रहे, आज वही उस लड़ाई को भाजपा के हवाले कर चुके हैं और आरएसएस के एजेंडे पर समझौता कर लिया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि नीतीश कुमार अपने ही कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के आंसुओं से भी नहीं पिघल रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा की राजनीति सहयोगी दलों को कमजोर करने और खत्म करने की रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह भाजपा ने शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे को साथ रखकर बाद में मूल शिवसेना को कमजोर किया, उसी तरह अकाली दल को भी कमजोर किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एनसीपी के नेता शरद पवार की पार्टी को तोड़ने का काम किया और बीजू जनता दल के नेता नवीन पटनायक के साथ ही कई क्षेत्रीय दल को धीरे-धीरे समाप्त करने की रणनीति अपनाई।

राजेश राम ने कहा कि भाजपा का इतिहास रहा है कि वह अपने सहयोगियों को पहले साथ लेकर चलती है और बाद में उन्हें खत्म कर देती है। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा और जनता दल (यू) का गठबंधन पूरी तरह से बेमेल गठबंधन है, जो जनता के हितों के खिलाफ है।उन्होंने कहा कि भाजपा की यही रणनीति अब अन्य सहयोगी दलों के साथ भी अपनाई जा रही है ।

## महिला आरक्षण बिल के लिए सरकार का प्लान, इसी सत्र में ला सकती है संविधान संशोधन बिल

लोक तंत्र की आवाज़



**नईदिल्ली।** संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने में देरी को देखते हुए सरकार सतर्क हो गई है. सरकार की कोशिश है कि 2029 के लोक सभा चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया जाए. इसके लिए जरूरत पड़ने पर सरकार संसद के मौजूदा सत्र में ही संविधान संशोधन बिल ला सकती है.इसके लिए विपक्षी दलों को टटोला जा रहा है।

**परिसीमन के बाद लागू होना है नारी शक्ति वंदन कानून :** दरअसल, महिलाओं को संसद और राज्य विधानसभाओं मे 33% आरक्षण देने के लिए 2023 में नारी शक्ति वंदन कानून बना था. इसकी धारा पांच में यह प्रावधान है कि जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन पूरा होने के बाद यह कानून लागू किया जाए. लेकिन परिसीमन की प्रक्रिया अभी तक प्रारंभ नहीं हो सकी है, इसके लिए पहले जनगणना की जानी है और उसके बाद परिसीमन आयोग का गठन होगा. कैबिनेट ने 12 दिसंबर 2025 को जनगणना को मंजूरी दी है जो दो चरणों में की जानी है।

सरकारी सूत्रों ने जानकारी दी है कि अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन करने पर विचार किया जा रहा है. यह संशोधन लाया जा सकता है कि परिसीमन के बिना भी 2029 के लोक सभा चुनाव में महिला आरक्षण लागू किया जा सके. यानी कोशिश यह होगी कि महिला आरक्षण को परिसीमन से अलग कर दिया जाए ताकि परिसीमन में देरी के कारण महिला आरक्षण लागू करने में देरी न हो।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गया : 42वाँ माँ मथुरासनी महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ बुधवार से आयोजित




**गया।** माहुरी वैश्य मंडल, गया के तत्वावधान में 42वाँ माँ मथुरासनी महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर दिनांक 11 मार्च 2026, दिन बुधवार को प्रात: 09 :00 बजे गुरुद्वारा रोड से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा गुरुद्वारा रोड □ स्टेशन रोड □ बाटा मोड़ □ टिकारी रोड □ गोल पत्थर □ रमना रोड □ टावर चौक □ किरानी घाट होते हुए जनकपुर, मानपुर स्थित माँ मथुरासनी मंदिर तक जाएगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिला-पुरुष एवं युवा भाग लेंगे और पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण रहेगा। महोत्सव के अंतर्गत 13 मार्च 2026, दिन शुक्रवार को संध्या 6 :00 बजे से माँ का भव्य जागरण माहुरी वैश्य मंडल भवन, गोसाई बाग गुरुद्वारा, गया में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भजन-कीर्तन एवं जागरण कार्यक्रम होगा। इसके पश्चात 15 मार्च 2026, दिन रविवार को दोपहर 2 :00 बजे से माँ का भव्य भंडारा माहुरी वैश्य मंडल भवन, गोसाई बाग गुरुद्वारा, गया में आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। माहुरी वैश्य मंडल के सचिव अमित कुमार 'पिंटू' ने महोत्सव के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी विस्तृत जानकारी दी गई है। उन्होंने समाज के सभी लोगों एवं श्रद्धालुओं से इस पावन आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आमंत्रण दिया है।

### सिरदला : निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का मुखिया ने किया निरीक्षण



प्रदीप प्रसाद संवाददाता

**सिरदला (नवादा)।** सिरदला प्रखंड के धीरौंध पंचायत अंतर्गत ठेकाही मोड़ के समीप देवी मंदिर के पास निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का पंचायत मुखिया लखी नारायण गुप्ता ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति तथा गुणवत्ता की जांच की और संबंधित कर्मियों को कार्य में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया। मुखिया लखी नारायण गुप्ता ने बताया कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग के अंतर्गत कराया जा रहा है। भवन के निर्माण से पंचायत के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्यों के लिए एक ही स्थान पर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन बनने से ग्रामीणों को प्रमाण पत्र, पेंशन, आवास, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य योजनाओं से जुड़े कार्यों में काफी सहूलियत होगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि जल्द से जल्द पंचायतवासियों को इसका लाभ मिल सके।

### मृतक की पत्नी ने दर्ज गई हत्या की प्राथमिकी

लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड के कबला कुसैया आहर में मछली मारने गए मंगर चौक के जितेंद्र चौरसिया की मौत की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मृतक की पत्नी मंजू देवी ने चार नामजद एवं अज्ञात पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर ने बताया कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला-सह-प्रदर्शनी का शुभारंभ, आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग पर दिया गया जोर

लोक तंत्र की आवाज



सुनील कुमार

**नवादा।** कृषि रोड मैप के तहत् सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10 मार्च 2026 को जिला कृषि प्रक्षेत्र नवादा के प्रांगण में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश, माननीय विधायक, नवादा विधानसभा विभा देवी, माननीय विधायक, गोविंदपुर विधानसभा विनिता मेहता तथा जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि भारत विस्तार एआई (ईं१३ ४२३१ अक) भारतीय कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति लेकर आया है। यह एक एआई आधारित प्लेटफॉर्म है, जो किसानों को उनकी अपनी भाषा में मौसम, मंडी भाव, कीट-रोग, फसल सलाह तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित यह पहल किसानों को मोबाइल फोन के माध्यम से कृषि से जुड़ी जानकारी तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायक होगी। भारत विस्तार योजना के तहत किसान 155261 नंबर पर कॉल कर अपनी समस्याएं भी बता सकेंगे और उन्हें तत्काल समाधान प्राप्त होगा। उन्होंने किसानों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यांत्रिकरण एवं अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं के समयबद्ध एवं सफल क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में कृषि यांत्रिकरण योजना के अंतर्गत कुल 91 प्रकार के विभिन्न कृषि यंत्रों के वितरण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। दिनांक 23.02.2026 को लॉटरी के माध्यम से कुल 1804 स्वीकृति पत्र निर्गत किए गए हैं। निर्गत स्वीकृति पत्रों के विरुद्ध अब तक 711 किसानों द्वारा अनुदानित दर पर मेला/मेला से बाहर विभाग द्वारा निबंधित कृषि यंत्र विक्रेताओं के माध्यम से विभिन्न कृषि यंत्रों की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि आधुनिक कृषि में कृषि यंत्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि रोड मैप के अंतर्गत कृषि यांत्रिकरण योजना के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके उपयोग से लघु एवं सीमांत किसान समय पर कृषि कार्यों का निष्पादन कर सकेंगे तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से फसलों को संरक्षित कर सकेंगे। धान, गेहूं, दलहन एवं तेलहन के साथ-साथ गन्ना एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषि यंत्रों पर अनुदान दिए जाने से उत्पादन लागत में कमी आएगी तथा उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि संभव है। जिले में कृषि यांत्रिकरण को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्तायुक्त आधुनिक कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे स्ट्रॉ रीपर, स्ट्रॉ बेलर, पैडी ट्रांसप्लांटर, हैप्पी सीडर, पावर टिलर, लेजर लैंड लेवलर, जीरो टिलेज मशीन, रोटावेटर, रीपर-कम-बाइंडर, मिनी राइस मिल, दाल मिल एवं ऑयल मिल आदि के उपयोग से उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि की संभावना है। उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), नवादा द्वारा मेले में आए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र, कौआकोल द्वारा विभिन्न फसलों की उन्नत खेती तथा जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। आज आयोजित मेले में जिला उद्यान पदाधिकारी, नवादा, सहायक निदेशक (रसायन), नवादा, उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), नवादा, सहायक निदेशक (मृदा संरक्षण), नवादा, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, नवादा तथा विभाग के समस्त कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं किसान बंधु उपस्थित थे।

## नौलखा मन्दिर में श्रद्धा एवम भक्ति के साथ संपन्न हुआ 65 वीं वर्षगाँठ



लोक तंत्र की आवाज

**राजगीर।** श्री मुनिसुब्रत स्वामी मन्दिर (नौलखा मन्दिर) का 65 वाँ वार्षिक समारोह अत्यंत ही धुम धाम से कोलकाता के बाबु जीवराज जी, नथमल जी, सोहनलाल जी, भीखमचंद जी रामपुरिया परिवार वालों की तरफ से मनाया गया। इस अवसर पर बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड, दिल्ली, पटना आदि जगहों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुये।सर्वप्रथम इस अवसर पर एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालु झुमते, नाचते, गाते सम्मिलित हुये। यह शोभायात्रा नौलखा मन्दिर से निकलकर बस स्टैण्ड तक गई तथा वहाँ से वापस नौलखा मन्दिर आई। इस अवसर पर मन्दिर जी में सत्रहभेदी पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस पूजा के दौरान नवमी पूजा के कम में मन्दिर जी के शिखर पर रामपुरिया परिवार कोलकाता के परिवार वालों की तरफ से ध्वजा चढ़ाई गई। इस अवसर पर पूजा एवं भजन का सुन्दर आयोजन मुकेश भाई एवं कमलेश भाई के द्वारा किया गया। साथ ही साथ भगवान की सुन्दर अंगरचना भी की गई। इनके द्वारा गाये गये भजनों पर श्रोता अपने आप को नाचने से नहीं रोक पाये।इस अवसर पर संजय रामपुरिया ने कहा कि उनके परिवार के द्वारा सन 1961 में प्रथम बार इस मन्दिर जी के शिखर पर ध्वजा चढाई गई थी तब से लेकर 65 वर्षों से लगातार उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा इसका आयोजन भव्य रूप से किया जाता है।इस अवसर पर वीरायतन से पधारीं पूज्य साध्वी डा. सम्प्रज्ञा जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि ध्वजा का लाभ बहुत पुण्य वालों को ही मिलता है रामपुरिया परिवार अत्यंत सौभाग्यशाली है जिसे राजगीर तीर्थ के मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय में ध्वजा चढ़ाने का कायमी लाभ मिला है। संस्था के सचिव रंजन कुमार जैन ने कहा कि जैन धर्म के 20 वें तीर्थकर भगवान श्री मुनिसुव्रत स्वामी की यह जन्म भूमि है।संस्था के ट्रस्टी राजकुमार जैन ने कहा कि इस भूमि पर कई तीर्थकरों के चरण रज पड़े हैं ऐसी भूमि पर हम रामपुरिया परिवार वालों का हार्दिक अभिनन्दन करते हैं। इस अवसर पर संस्था के ट्रस्टी भरत भाई मेहता, रणवीर कुमार जैन, प्रतीक जैन, कवीन्द्र कुमार कोठारी, सुरेश बोथरा, डौली जैन, अर्चना जैन, नमीता जैन, मानसी जैन, सुशील कुमार जैन, प्रेमचन्द रामपुरिया, कौशल रामपुरिया, देव रामपुरिया, विमला देवी, सरला देवी, कांता रामपुरिया, कविता, ववीता, ज्ञानचंद जैन, कंचन जैन, रूपा जैन, संस्था के सहायक प्रबंधक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, कैशियर संजीव कुमार जैन तथा काफी संख्या में जैन श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सरमेरा में सैरातों की बंदोबस्ती, 32 लाख से अधिक की बोली पर हिमांशु सिंह बने संवेदक

लोक तंत्र की आवाज

**सरमेरा।** प्रखंड सभागार भवन सरमेरा में सोमवार को कड़ी निगरानी और चुस्त व्यवस्था के बीच वित्तीय वर्ष 2026झ27 के लिए दो प्रकार के सैरातों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया सशक्त स्थायी समिति की देखरेख में संपन्न कराई गई।इस दौरान प्राइवेट टेंपो, ऑटो रिक्शा, मैजिक सवारी गाड़ी एवं ठेला मोटर टायर स्टैंड के लिए 22 लाख 1 हजार रुपये तथा फल-सब्जी एवं अन्य फुटपाथी दुकानदारों से दैनिक वसूली के लिए 10 लाख 5 हजार रुपये की बोली लगाई गई। दोनों सैरातों की कुल 32 लाख 6 हजार रुपये की बोली लगाकर हिमांशु कुमार सिंह उर्फ बंटी सिंह ने संवेदक के रूप में बंदोबस्ती हासिल की।बंदोबस्ती की प्रक्रिया में नोडल पदाधिकारी सह लोक स्वच्छता पदाधिकारी, नगर पंचायत सरमेरा स्नेहा कुमारी, मुख्य पार्षद सनी कुमार, उप मुख्य पार्षद कांति देवी, एलएस बीभा बली तथा पुलिस पदाधिकारी शैलेश कुमार झा मौजूद रहे।नोडल पदाधिकारी स्नेहा कुमारी ने बताया कि बस स्टैंड सैरात के लिए किसी भी संवेदक द्वारा निविदा पत्र जमा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसके लिए दोबारा प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।इस अवसर पर वार्ड पार्षद त्रिपुरारी सिंह, मनोज सिंह, चंदन सिंह, प्रियेश सिंह, आनंद शंकर, मुन्ना ढारी, संजय सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने वर्षों तक जनता की सेवा करते हुए बिहार की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है

लोकतंत्र की आवाज



**गया जी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर यादव जी को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर भाजपा नेताओं ने खुशी का इजहार किया यह सम्मान उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा की भावना का प्रतीक है। भारत सरकार के इस निर्णय के लिए देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को कोटि-कोटि बधाई और शुभकामनाएं है।इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि नंदकिशोर यादव जी भारतीय जनता पार्टी के ऐसे वरिष्ठ और समर्पित नेता हैं, जिन्होंने बूथ स्तर से लेकर संगठन के शीर्ष तक पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने वर्षों तक जनता की सेवा करते हुए बिहार की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है। एक साधारण कार्यकर्ता से लेकर मंत्री विधानसभा अध्यक्ष तक का उनका सफर पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक है।' नंदकिशोर यादव जी का नागालैंड के राज्यपाल के रूप में नियुक्त होना न केवल उनके लिए बल्कि पूरे भाजपा परिवार के लिए गर्व और सम्मान की बात है। उनके अनुभव, प्रशासनिक क्षमता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता से निश्चित रूप से नागालैंड राज्य के विकास और प्रगति को नई दिशा मिलेगी। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा भारतीय जनता पार्टी अपने समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की परंपरा को सदैव आगे बढ़ाती रही है, और नंदकिशोर यादव जी की यह नियुक्ति उसी परंपरा का उदाहरण है। हमें पूरा विश्वास है कि वे राज्यपाल के रूप में अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते हुए राज्य और देश की सेवा करेंगे। नंदकिशोर यादव जी को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## ननिहाल आये 8 वर्षीय बालक का सड़क दुर्घटना में मौत, उग्र लोगों ने हिसुआ-खनवां पथ को किया जाम, स्कार्पियो चालक पर कार्रवाई व मुवाबजे की मांग

लोक तंत्र की आवाज



**नरहट।** हिसुआ खनवां पथ पर हसनपुरा गांव के पास तेज स्कॉर्पियो चालक ने एक आठ साल के बच्चे को टक्कर मार दिया जिससे बच्चे की मौत घटना स्थल पर हो गई। मृतक की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के इचुआ ग्राम निवासी कारू राजवंशी के आठ वर्षीय पुत्र आर्यन के रूप में हुई है। मृतक के पिता कारू राजवंशी ने बताया कि मेरा ससुराल हसनपुरा है। शादी में हम अपना परिवार के साथ ससुराल आये हुए थे। आज मंगलवार को ससुराल से अपना घर जाने के लिए गांव के स्कूल के पास ई रिक्शा पर बैठने जा रहे थे तभी खनवां की तरफ से तेज रफ्तार स्कार्पियो ने हमारे पुत्र को धक्का मार दिया जिससे उसका मौत घटना स्थल पर हो गई। स्कार्पियो चालक धक्का मारने के बाद तेज गति से भाग निकला जिसको ग्रामीणों ने बाइक से पीछा किया। चालक बीजू बिगहा गांव में स्कार्पियो छोड़ कर फरार हो गया था। घटना के बाद स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

**गुसाये लोगों ने किया सड़क जाम:** गुसाये ग्रामीणों ने हिसुआ खनवां पथ पर हसनपुरा के पास सड़क जाम कर मुवाबजे की मांग, स्कार्पियो चालक पर कार्रवाई एवं स्कूल के पास स्पीड ब्रेकर की मांग करने लगे। घटना की जानकारी के बाद दल बल के साथ पहुचे नरहट थानाध्यक्ष गौतम कुमार, एसआई रौशन कुमार ने लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटाने का प्रयास कर रहे थे। करीब एक घण्टे जाम के बाद पहुचे भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र राजवंशी ने लोगों को समझा बुझाकर कर जाम हटाया। हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मजिस्ट्रेट के रूप में घटना स्थल पर बीसीओ सह अतिरिक्त प्रभार में रहे बीईओ निशांत प्रियदर्शी मौजूद थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला से स्वाट दस्ता को बुलाया गया था। बीसीओ ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने स्कूल के पास स्पीड ब्रेकर एवं आवश्यक कार्रवाई एवं सरकार से मिलने वाली मुवाबजे दिलवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया एवं स्कार्पियो को जप्त कर लिया है।

## बिहारशरीफ : डिजिटल मोड में होगी जनगणना 2027, हरदेव भवन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

लोक तंत्र की आवाज



**बिहारशरीफ।** आगामी जनगणना 2027 को पूर्णतः डिजिटल मोड में संपन्न कराने की तैयारी के तहत नालंदा जिला प्रशासन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को समाहरणालय स्थित हरदेव भवन में जिला स्तरीय एवं चार्ज स्तरीय पदाधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने किया।यह प्रशिक्षण 9 मार्च से 11 मार्च 2026 तक चलेगा। प्रशिक्षण सत्र में जनगणना निदेशालय के नोडल पदाधिकारी नालंदा नवीन कुमार एवं अशोक चौधरी द्वारा अधिकारियों को जनगणना की नई डिजिटल प्रक्रिया, डेटा संग्रहण और सत्यापन की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी।प्रथम चरण 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक एवम द्वितीय चरण 9 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक पहले चरण के शुरू होने से पहले 17 अप्रैल से 1 मई 2026 तक स्व-गणना के लिए वेब पोर्टल खुला रहेगा। इस अवधि में आम नागरिक स्वयं ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद संबंधित प्रगणक द्वारा साइड के माध्यम से डेटा का सत्यापन कर अंतिम रूप से सबमिट किया जाएगा।प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि प्रथम चरण में कुल 33 प्रश्न पूछे जाएंगे। इनमें मकान के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग, स्वामित्व, घर में उपलब्ध सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, मोटरसाइकिल, कंप्यूटर, मोबाइल आदि के साथ-साथ परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले अनाज से संबंधित जानकारी भी शामिल होगी।इसके अलावा 12 मार्च से 14 मार्च 2026 तक जिलेभर के सरकारी ट्रेनरों का प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाएगा, ताकि वे आगे प्रखंड और पंचायत स्तर पर कर्मियों को प्रशिक्षित कर सकें।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, जनगणना के नोडल पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, डीपीआरओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नवादा : जनगणना 2027 को लेकर तैयारियाँ शुरू, तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

लोक तंत्र की आवाज



सुनील कुमार

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निदेशानुसार जिले में वर्ष 2027 की जनगणना को लेकर तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी क्रम में डीआरडीए सभागार, नवादा में जनगणना कार्य की तैयारी हेतु जिलास्तरीय, अनुमंडल स्तरीय, सहायक चार्ज अधिकारी (ग्रामीण/नगर) तथा अन्य संबंधित पदाधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (09 मार्च से 11 मार्च 2026) आयोजित किया जा रहा है।

जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह से पेपरलेस अर्थात डिजिटल मोड में कराई जाएगी। जनगणना निदेशालय के नोडल पदाधिकारी रंजय कुमार सिंहा एवं रंजीत कुमार ने बताया कि डिजिटल जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहला चरण (मकान सूचीकरण) 02 मई से 31 मई 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण 09 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा। पहले चरण के दौरान कुल 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें मकान निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग, मकान मालिक का नाम तथा घर में उपलब्ध सुविधाएँ जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि से संबंधित जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही मोटरसाइकिल, कंप्यूटर, मोबाइल तथा घर में उपयोग किए जाने वाले अनाज का विवरण भी ऐप के माध्यम से दर्ज किया जाएगा।

नागरिकों को इस बार स्वयं अपनी जानकारी पोर्टल पर भरने की सुविधा भी दी जाएगी, जबकि प्रगणक द्वारा केवल उसका सत्यापन किया जाएगा। इसके सुचारू संचालन के लिए 12 से 14 मार्च तक जिले के मास्टर ट्रेनर्स को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि इस बार की जनगणना की सबसे बड़ी विशेषता स्व-गणना (री'ऋ एल्ल४ें१ं३्रङ्ग्ल) होगी। पहले चरण की शुरुआत से 15 दिन पूर्व अर्थात 17 अप्रैल से 01 मई 2026 तक आम नागरिकों के लिए एक वेब पोर्टल उपलब्ध कराया जाएगा, जिस पर लोग घर बैठे स्वयं अपने एवं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात संबंधित प्रगणक (एन्यूमेरेटर) घर-घर जाकर एसईआईडी के माध्यम से उक्त डेटा का सत्यापन कर उसे अंतिम रूप से सबमिट करेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं रजौली, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के अंतर्गत चिरैला विद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक परिभ्रमण

लोकतंत्र की आवाज



राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** प्रखंड के हरदिया पंचायत के चिरैला स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में शैक्षणिक परिभ्रमण किया। इस परिभ्रमण के दौरान वर्ग 6 से वर्ग 8 के छात्र-छात्राओं मंगलवार को ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों नालंदा खंडहर, पावापुरी तथा राजगीर ले जाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नालंदा के प्राचीन विश्वविद्यालय के अवशेषों का अवलोकन कर उसके इतिहास और महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। पावापुरी में भगवान महावीर से जुड़े पवित्र जल मंदिर का दर्शन किया तथा राजगीर में स्थित ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का भी भ्रमण किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इन स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस शैक्षणिक यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों को बिहार की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भ्रमण कर कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में यात्रा सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों के ज्ञान में वृद्धि होती है तथा उन्हें अपने राज्य की गौरवशाली परंपरा को समझने का अवसर मिलता है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोमनाथ,शिक्षक उपेंद्र कुमार एवं राजीव कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सख्ती: अवैध निर्माण पर एसडीए का प्रहार, बिना मानचित्र के अवैध रूप से बने निर्माण पर लगाई सील




**साजिद सलमानी**

**सहारनपुर।** अवैध निर्माण करने पर सहारनपुर विकास प्राधिकार ने सख्त रुख अपनाया है। आपको बता दे कि सहारनपुर विकास प्राधिकरण ने प्रेस नोट जारी करते हुए अवगत कराया कि सहारनपुर विकास प्राधिकरण के जोन 8 के अंतर्गत पुराना कलसिया रोड कब्रिस्तान के सामने बाबर की कॉलोनी में अवैध निर्माणकर्ता सलीम द्वारा अवैध रूप से बनाए गए भूतल पर हॉल एवं प्रथम तल पर बने निर्माण को सील कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि सलीम ने बिना मानचित्र के सहारनपुर महायोजना में आवासीय भू उपयोग में औद्योगिक निर्माण किया जिसमें सलीम ने आरा मशीन संचालित की गई तथा लकड़ी का कारखाना भी संचालित किया हुआ था जिस पर सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्व में भी दिनांक 13.10.2025 को सील लगाई गई थी लेकिन सलीम ने कानून हाथ में लेते हुए सील तोड़ ली थी जिसके बाद सहारनपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने अब्दुल खालिद की मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत का संज्ञान लिया एवं पत्राचार की कार्यवाही पूर्ण करते हुए दिनांक 09.03.2026 को सलीम के अवैध औद्योगिक निर्माण पर दोबारा सील लगा दी है। सहारनपुर विकास प्राधिकरण की इस सख्त कार्रवाई से अवैध निर्माणकर्ताओं में खलबली मच गई है।

### महिला दिवस पर रक्तदान का आयोजन




**साजिद सलमानी**

**सहारनपुर:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संवेदना मानव कल्याण ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजित राणा तथा शिव कुमार राणा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष विकास पुंडीर ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील भी की। कार्यक्रम में संवेदना महिला शक्ति की सुषमा चौधरी, अधिवक्ता शिवानी राणा, सोनिया पुंडीर, सीमा पालीवाल और सांजेस चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। रक्तदान शिविर में संवेदना परिवार के सदस्य मुदित राणा, अजित चौधरी, चंद्रभान सैनी, अमित पंकज शर्मा, दीपक राणा, अंकुर सैनी, बलदीप राणा, प्रमोद राणा, अंशुल सैनी, डॉ. रजत, अंकुर चौहान, सन्नी प्रजापति, विनोद प्रजापति, विक्रांत त्यागी, मनोज, डॉ. मयंक सेंगर, अश्वनी शर्मा, लोकेश धीमान, सुमित चौधरी, योगेश शर्मा, सुमित, प्रमोद, सरजीत राणा, राजदीप चौहान, अधिवक्ता ऋषणत चौधरी, कुलदीप सिंह, अजित राणा, अबरार अहमद, राहुल कुमार (आज तक), पवन सैनी सहित अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिल सके।

# पुलिस द्वारा बाद मुठभेड़ गौकशी के मुकदमें में वांछित 25000 रूपये का ईनामी वांछित गौकश अभियुक्त घायलावस्था में गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**

देवबंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, चोरी, हत्या, गोकशी, नकबजनी, एनडीपीएस, पशु चोरी आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन गस्त/चैकिंग की जा रही है । इसी क्रम में दिनांक 10.03.2026 की रात्रि को थाना देवबंद पुलिस टीम द्वारा ग्राम बीबीपुर रोड पर चाँद कालोनी मोड पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी तभी ग्राम मकबरा की तरफ से एक मोटर साईकिल पर दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये । संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा संदिग्धों को टार्च की रोशनी दिखाकर चैंकिग हेतु रूकने का इशारा किया नजदीक आने पर मोटर साईकिल पर सवार दोनो व्यक्तियो में से मोटर साईकिल चला रहे व्यक्ति नें मोटरसाईकिल को तेजी से पीछे की ओर भागने के मोटर साईकिल चांद कालोनी मोड से पहले वापस मकबरा की ओर मुडने का प्रयास किया तभी मोंटर साईकिल चांद कालोनी मोड से कुछ दूरी पर मकबरा को जाने वाले रास्ते पर फिसल कर गिर गयी और मोटर साईकिल सवार दोनो व्यक्ति मोटर साईकिल छोडकर खेतो व जंगलो की तरफ हम पुलिस वालो पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए नजदीक मे ही खडे पेड व झाडी की आड लेकर हम पुलिस वालो पर लगातार फायर करने लगे । पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायलवस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान नासिर पुत्र इकबाल उर्फ बाला निवासी मौ0 बेरियान पठानपुरा कस्बा व थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर के रूप में हुई । कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं बिना नम्बर प्लेट 01 मोटरसाइकिल स्पलेण्डर बरामद । घायल बदमाश का एक अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया ।



फरार अभियुक्त की तलाश हेतु लगातार कॉम्बिंग की जा रही है। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल/गिरफ्तार बदमाश थाना बडगांव के मु0अ0स0 0231/2025 धारा 3,5,8 गौवध अधि0 थाना बंडगाव व मु0अ0स0 0241/2025 धारा 3,5,8 गौवध अधि0 में 25000/- रुपये का इनामिया वांछित अभियुक्त है तथा थाना नानौता के मु0अ0स0 284/25 धारा 3, 5, 8 गौवध अधि थाना ननौता का वांछित अभियुक्त है । अभियुक्त के विरुद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानों में गौकशी के मुकदमें पंजीकृत है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना देवबंद पर मु0अ0स0 174/2026 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार घायल/ बदमाश के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अमरपाल शर्मा थाना उप नि0 अजब सिंह

उ0नि0 संदीप हेड कांस्टेबल शमीम

है0का0 1216 ब्रहमप्रकाश हेड कांस्टेबल अनुज कांस्टेबल पवन सिरोही मौजूद रहे।

## झपटमारी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, नकदी व गहने बरामद



लोकतंत्र की आवाज

**करीम खान**

**गोण्डा, 10 मार्च।** थाना कटरा बाजार पुलिस ने झपटमारी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छीना गया माल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय तथा क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज अभिषेक दवाच्यॉ के पर्यवेक्षण में कटरा बाजार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकुल बाल्मिकी, मृत्युंजय और शिवम सिंह उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से सफेद धातु की पायल, एक जोड़ी बिछिया, एक काला बैग (पर्स), 6150 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त लाल-काले रंग की अपाची मोटरसाइकिल बरामद की गई है। घटना 18 अक्टूबर 2025 की है, जब ग्राम ऊँचेपुरवा हलधरकमऊ निवासी दानिश खां की मां नसरीन बेगम दवा लेकर गोण्डा से वापस घर लौट रही थीं। चौरी चौराहा के पास ई-रिक्शा से घर आते समय मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उनके हाथ से बैग झपटकर फरार हो गए थे। बैग में करीब 30 हजार रुपये और कुछ गहने थे।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। बीती रात गश्त के दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हलधरमऊ रेलवे क्रासिंग के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मोटरसाइकिल से रेकी कर झपटमारी की घटनाओं को अंजाम देते थे और लूटी गई रकम आपस में बांट लेते थे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक शिवम गुप्ता, कांस्टेबल उपेन्द्र सिंह, संदीप कुमार और गोविंद चौहान शामिल रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण हेतु प्रशिक्षण प्रारम्भ

लोकतंत्र की आवाज

**उरई जालौन ।** प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत की जनगणनाझ2027 के प्रथम चरण ''मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना'' के संबंध में अधिशासी अधिकारियों, तहसीलदारों व तकनीकी स्टाफ का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत की जनगणनाझ2027 के प्रथम चरण के सफल संचालन के लिए जनपद में दो दिवसीय एवं तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाएं प्रारम्भ की गई हैं। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, लखनऊ से ट्रेनर रश्मि सिंह आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## बसपा शासन काल में चार राज्यों के गठन का प्रस्ताव केंद्र के पास है। यूपी की जनता का भला चाहते हैं तो पास करे : संजय गुर्जर

लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**

**देवबंद ।** भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीएमएम गठबंधन के प्रमुख संजय गुर्जर ने पत्रकारों को दिए बयान में कहा कि लोगों को बीजेपी के धर्म चक्रव्यूह से बाहर निकलना होगा और देश के विकास और जनता के अधिकारों के लिए खड़ा होना होगा। हमारी लड़ाई सामाजिक अधिकारों की है और इसी सामाजिक न्याय यात्रा के लिए हम गोरखपुर से दिल्ली तक सभी जिलों में संपर्क कर रहे हैं। कुछ जिलों में कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं बाकी जो जिले बचे हैं उनमें भी कार्यक्रम ईद के बाद लगाए जाएंगे। सभी जिलों में प्रेस कांफ्रेंस और सामाजिक चिंतन का कार्यक्रम है। छोटे राज्यों के विषय में भी मुहिम पहले से ही जारी है तथा बसपा शासनकाल में छोटे राज्यों का प्रस्ताव पास होकर केंद्र सरकार के लिए भेजा गया था जो आज भी केंद्र सरकार के पास रखा हुआ है। केंद्र सरकार या तो उसको पास करे या फिर खारिज करे। वैसे बीजेपी छोटे राज्यों की पक्षधर नहीं है फिर भी अगर उत्तर प्रदेश की जनता के हित में फैसला लेना ही है तो यथाशीघ्र इस प्रस्ताव को पास कर देना चाहिए। पिछड़ा, दलित, मुस्लिम मोर्चा के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि पीडीएमएम गठबंधन का दायरा बढ़ाया जा रहा है और कई बड़े राजनीतिक दल हमारे संपर्क में हैं। जल्द ही वे भी शामिल होंगे। पदयात्रा का दिन और समय 25 मार्च के बाद तय कर दिया जाएगा और जितने भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथी हैं सभी गोरखपुर कैंप करेंगे और आसपास के जिलों में संपर्क करेंगे। बीजेपी की बुल्डोजर नीति कानून और संविधान विरोधी है, अपराधियों को सजा के और प्रावधान भी हैं। किसी का मकान गिराकर उसको रोड़ पर लाना न तो संविधान में है न कानून में है। बिहार में मौलाना के बयान पर एक करोड़ का इनाम घोषित करने वाला संत भी उतना ही दोषी है जितने मौलाना, किसी भी व्यक्ति को हानि पहुंचाना भी सुपारी की श्रेणी में आता है।



# गोण्डा : डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

लोकतंत्र की आवाज

**करीम खान**

**गोण्डा।** जनपद के शत-प्रतिशत किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि यह प्रचार वाहन जिले के सभी विकास खंडों में जाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभों के बारे में जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, धान और गेहूं की खरीद, फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड सहित खेती से संबंधित कई योजनाओं का लाभ किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही मिलेगा। उन्होंने बताया कि किसान जनसेवा केंद्र के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। इसके अलावा कृषि, राजस्व या पंचायत विभाग के कर्मचारियों की मदद से भी पंजीकरण कराया जा सकता है। किसान अपने मोबाइल फोन से फार्मर रजिस्ट्री का लिंक डाउनलोड कर स्वयं भी पंजीकरण कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन के प्रयासों से अब तक जनपद में 70 प्रतिशत से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है। अगस्त माह में जहां यह प्रगति 49 प्रतिशत थी, वहीं अब बढ़कर 70.36 प्रतिशत हो गई है। पिछले छह महीनों में लगभग एक लाख अतिरिक्त किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी रिंकी जायसवाल, उपनिदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर, एसडीओ कृषि शिव शंकर चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




# देवबन्दः पुलिस द्वारा शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद

लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**

देवबंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग व गश्त की जा रही है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री अमरपाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 09.03.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना देवबन्द पुलिस द्वारा गश्त व चैकिग के दौरान 01 शातिर अभियुक्त सलमान पुत्र नफीस निवासी वक्फ दारूलूम खानकाह थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर को हाईवे के पास मालगाडी रेल पटरी के किनारे कस्बा देवबन्द से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानों पर लगभग आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना देवबन्द पर मु0अ0सं0- 173/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम** : उ0नि0 सन्दीप कुमार कमलेश यादव अनिल कुमार मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी ने डकोर विकास खंड के मोहम्मदाबाद में तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया

लोकतंत्र की आवाज

**उरई /** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास खण्ड डकोर के ग्राम मोहम्मदाबाद में स्थित तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब परिसर का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जिससे तालाब को सुन्दर, सुरक्षित और उपयोगी बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि तालाब के चारों ओर साफ-सफाई कराई जाए ताकि क्षेत्र स्वच्छ और व्यवस्थित बना रहे। उन्होंने कहा कि तालाब केवल जल संचयन का स्त्रोत ही नहीं है, बल्कि यह गांव की सुंदरता और पर्यावरण संतुलन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए इसके रखरखाव में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाब के चारों ओर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आवश्यक स्थानों पर लाइट लगाई जाए ताकि रात के समय भी क्षेत्र सुरक्षित और रोशन रहे। उन्होंने कहा कि लाइट व्यवस्था होने से तालाब के आसपास लोगों का आवागमन सुरक्षित रहेगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने तालाब के चारों ओर फेंसिंग कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फेंसिंग होने से तालाब की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। फेंसिंग के माध्यम से तालाब के क्षेत्र को संरक्षित किया जा सकेगा, जिससे इसके जीर्णोद्धार का उद्देश्य भी सफल होगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि तालाब के चारों ओर वृक्षारोपण कराए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाब के आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं ताकि क्षेत्र हरित और पर्यावरण अनुकूल बन सके। वृक्षारोपण से न केवल वातावरण शुद्ध होगा बल्कि गांव की प्राकृतिक सुंदरता भी बढ़ेगी। जिलाधिकारी ने तालाब को उपयोगी बनाने के लिए उसमें मछली पालन शुरू कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मछली पालन से ग्रामीणों को अतिरिक्त आय का स्त्रोत मिलेगा और तालाब का बेहतर उपयोग भी सुनिश्चित हो सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने तालाब में कमल के फूल लगाए जाने के निर्देश दिए ताकि तालाब की सुंदरता और आकर्षण बढ़ाया जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।




## हत्या के दोषी को उम्रकैद, 90 हजार रुपये का अर्थदंड

लोकतंत्र की आवाज

**करीम खान**

**गोण्डा,** जनपद में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप हत्या के एक मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास और 90 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला थाना तरबगंज क्षेत्र का है। ग्राम बनगांव मुरावनपुरवा निवासी बृजनाथ सिंह ने वर्ष 2019 में पुलिस को सूचना दी थी कि उनके भाई विश्वनाथ सिंह (30) गांव के बाहर एक ढाबली पर रहते थे। 8 मई 2019 की सुबह जब वह उन्हें खाना देने पहुंचे तो वह वहां नहीं मिले और फोन से भी संपर्क नहीं हो पाया। वादी ने गांव के ही भारत सिंह पर पुरानी रंजिश के चलते हत्या कर शव छिपाने की आशंका जताई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना के दौरान भारत सिंह पुत्र अवधराज निवासी ग्राम बनगांव डीहा थाना तरबगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साक्ष्य संकलन के बाद 13 मई 2021 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। मंगलवार को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तृतीय की अदालत ने सुनवाई के बाद अभियुक्त भारत सिंह को दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास और 90 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजक अमित पाठक, थाना तरबगंज के पैरोकार मुख्य आरक्षी सोनू कुमार तथा कोर्ट मोहर्रिर मुख्य आरक्षी शिवपाल सिंह द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत चिन्हित मामलों में दोषियों को सजा दिलाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।



## संक्षिप्त खबरें ।

### ज़िला आपदा प्रबंधन विभाग, भिवाड़ी केमिकल फैक्ट्री अग्निकांड मृतकों के आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की सहायता



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
दिनांक 16.02.2026 को राजस्थान के भिवाड़ी में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से घटित दुर्घटना में पूर्वी चम्पारण जिले के 7 निवासियों की मृत्यु हो गई थी। जिसमें हरसिद्धि अंचल के 5 , घोड़ासहन अंचल एवं चिरैया अंचल के 1-1 व्यक्ति शामिल थे। मुख्यमंत्री बिहार सरकार द्वारा इस घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के निकटतम आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान की घोषणा की गई थी।इसी आलोक में जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल पूर्वी चम्पारण के निदेशानुसार सोमवार को सभी मृतकों के निकटतम आश्रितों को सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अखिलेश कुमार द्वारा हरसिद्धि अंचल के मृतकों के निकटतम परिजनों नीतू देवी, मीना कुमारी, सेमा देवी, रीता देवी और पिंदा देवी, घोड़ासहन अंचल के देवंती देवी और चिरैया अंचल के शिवजी पासवान को 2-2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से सभी मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके घर तक लाया गया था और सभी आवश्यक सहायता प्रदान की गई हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति में जिला आपातकालीन संचालन केंद पूर्वी चम्पारण के दूरभाष नंबर 06252-242418 पर संपर्क करें।

### सूखा नशा के विरुद्ध चलाएं जा रहे विशेष अभियान के तहत् मधुबन थानान्तर्गत पुलिस ने की बड़ी कारवाई



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** मधुबन थाना, एलटीएफ टीम एवं डॉग स्क्वाड के साथ सूखा नशा के विरुद्ध छापामारी किया गया। छापेमारी के क्रम में पवन सिंह, पे०-रामजीबन सिंह,सा०-गोपालपुर के गुमटी से 50 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ एवं 35 पीस गोगो के साथ गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में बच्चा झा, पे०-जगतनारायण झा,सा०-भेलवा के कपड़ा दुकान से 30 ग्रा० गांजा जैसा मादक पदार्थ साथ ही रामप्रवेश सिंह, पे०-खोभारी सिंह, सा०- गुरमिया सभी थाना-मधुबन केट से करीब 70 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया इस संदर्भ में कांड दर्ज कर। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि नशा कोई भी हो नशा कारोबारियों एवं माफियाओं एवं पियक्कड़ों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।

# योग्य लाभुकों को समय पर मिले राशन, मृत व फर्जी नाम हटाएं : डीएम तरनजोत सिंह

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में राशन कार्ड, खाद्यान्न वितरण व धान अधिप्राप्ति की समीक्षा। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राशन कार्ड, खाद्यान्न वितरण तथा धान अधिप्राप्ति से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान राशन कार्ड की वर्तमान स्थिति, ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के निष्पादन, अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के लॉगइन में लंबित आवेदनों, राशन कार्ड टैगिंग, ई-केवाईसी, जन वितरण प्रणाली (जविप्र) दुकानों के निरीक्षण, डोर स्टेप डिलीवरी, खाद्यान्न उठाव एवं वितरण सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि मृत व्यक्तियों के नाम हर हाल में राशन कार्ड से हटाए जाएं तथा फर्जी एवं संदिग्ध लाभुकों की विधिवत जांच की जाए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में लाभुक सही पाए जाते हैं तो उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए, अन्यथा उनका नाम सूची से हटा दिया जाए। योग्य लाभुक किसी भी स्थिति में योजना से वंचित नहीं रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने राशन कार्ड के लिए प्राप्त आवेदनों की विस्तृत जांच कर समय पर कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी एमओ को रोस्टर के अनुसार नियमित रूप से जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण करने तथा पिछले एक वर्ष के निरीक्षणों की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि लाभुकों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राशन वितरण में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि इसमें एमओ की लापरवाही या संलिप्तता पाई जाती है तो उनके विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति की भी समीक्षा की गई। जिला सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि सहकारिता विभाग के पोर्टल पर कुल 25,041 किसान निबंधित हैं, जिनमें 17,839 रैयत और 7,202 गैर-रैयत किसान शामिल हैं। धान अधिप्राप्ति के लिए 272 समितियों का चयन किया गया है, जिनमें 264 पैक्स एवं 8 व्यापार मंडल क्रियाशील हैं। उन्होंने बताया कि 9 मार्च 2026 तक जिले में कुल 96,507.387 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की जा चुकी है। इस प्रक्रिया में 10,675 किसान शामिल हुए हैं, जिनमें से 10,276 किसानों को भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष किसानों का भुगतान प्रक्रियाधीन है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूरी कर ली जाए और जिला व प्रखंड स्तर पर प्रतिदिन की अधिप्राप्ति रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। साथ ही पैक्सों एवं मिलों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, डीएम एसएफसी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दहेज हत्या मामले की जांच में लापरवाही, चौतरवा थाने के दरोगा राहुल कुमार सिंह निलंबित



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा** में दहेज हत्या के एक गंभीर मामले की जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में चौतरवा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक (पु०अ०नि०) राहुल कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई बगहा के पुलिस अधीक्षक रामानंद कौशल ने मामले की समीक्षा के बाद की। जानकारी के अनुसार चौतरवा थाना में 25 अगस्त 2025 को कांड संख्या 251/2025 के तहत दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की समीक्षा 9 मार्च 2026 को की गई, जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) बगहा कुमार देवेंद्र तथा अनुसंधानकर्ता राहुल कुमार सिंह उपस्थित थे।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि प्राथमिकी अभियुक्त अमित शाही, निवासी अहिरौलिया, थाना चौतरवा, के विरुद्ध आरोप सत्य पाए जाने के बावजूद पिछले सात महीनों से उसकी गिरफ्तारी नहीं की गई थी। जांच में यह भी सामने आया कि अनुसंधानकर्ता द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से वारंट प्राप्त करने का भी कोई प्रयास नहीं किया गया था। इसके अलावा अभियुक्त पक्ष से प्राप्त सुलहनामा संबंधी आवेदन को भी कांड दैनिकी में दर्ज कर दिया गया था, जिसे अभियोजन प्रक्रिया के विपरीत माना गया। दहेज हत्या जैसे संवेदनशील मामले में इस प्रकार की लापरवाही और गैरजिम्मेदाराना अनुसंधान को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने पु०अ०नि० राहुल कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें सामान्य जीवन-यापन भत्ता दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक रामानंद कौशल ने स्पष्ट कहा कि गंभीर आपराधिक मामलों की जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर चाहें तो मैं इस खबर के लिए 4झ5 और दमदार अखबारी हेडिंग (छोटी और बड़ी) भी बना सकता हूँ, जो फ्रंट पेज स्टाइल में होंगी।

## आर्म्स एक्ट मामले में दोषी को तीन साल की सजा, तीन हजार रुपये जुर्माना

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा** व्यवहार न्यायालय ने आर्म्स एक्ट से जुड़े एक मामले में अभियुक्त को तीन वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पदाधिकारी रामप्रीत दास ने बताया कि बगहा व्यवहार न्यायालय में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने मामले की सुनवाई की। सभी पक्षों की दलीलों और उपलब्ध साक्ष्यों पर विचार करने के बाद अदालत ने हरपुर मजैना निवासी सुनील शर्मा को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई। यह मामला नदी थाना कांड संख्या 49/22 से संबंधित है। नदी थाना के तत्कालीन पुलिस अवर निरीक्षक नंदलाल पासवान ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार पुलिस टीम वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक बाइक को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस के इशारे पर बाइक चालक वाहन छोड़कर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति को पकड़ लिया, जबकि चालक गन्ने के खेत का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। बरामद हथियार के आधार पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष की सजा और अर्थदंड का आदेश दिया।

## बगहा में एनसीसी कैडेट्स ने चलाया एड्स जागरूकता अभियान, लोगों को के द्वारा दी बचाव की जानकारी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बगहा में एनसीसी कैडेट्स द्वारा एचआईवी/एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान 25 बिहार बटालियन एनसीसी मोतिहारी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेन कुमार पांडेय के निर्देश पर आयोजित किया गया। अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स की एक टीम ने बगहा बस स्टेशन, अस्पताल परिसर और बैंक रोड के आसपास लोगों को एकत्रित कर एचआईवी/एड्स बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान लोगों को बीमारी के कारण, लक्षण और इससे बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। कैडेट्स ने लोगों से अपील की कि वे इस बीमारी को लेकर किसी प्रकार की भ्रांति या डर न रखें, बल्कि जागरूकता और सावधानी से इससे बचाव संभव है। एनसीसी कैडेट्स द्वारा चलाए गए इस अभियान की स्थानीय लोगों ने सराहना की। इस जागरूकता कार्यक्रम में सेकेंड ऑफिसर देवीदत्त मालवीय, कैडेट आदित्य कुमार, आर्यन शरण, अभय कुमार, रिशू राज सिंह, ओम कुमार, विपिन कुमार, शकील सिद्दीकी और अवकेश कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा एचआईवी/एड्स के जिला पर्यवेक्षक रमेश रंजन, शिक्षक सोहराब अंसारी, अमित गुप्ता, संजीव कुमार ठाकुर और राजन कुमार ने भी अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान।




## बगहा में स्वास्थ्य विभाग में फेरबदल, डॉ. राजेश 'नीरज' बगहा-1 तो डॉ. विश्वानन्द सिंह बने हरनाटांड़ पीएचसी के प्रभारी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
पश्चिम चंपारण के जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा प्रशासनिक संचालन को बेहतर करने के उद्देश्य से दो वरिष्ठ चिकित्सकों के कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। समाहर्ता कार्यालय, बेतिया द्वारा जारी आदेश (ज्ञापांक 654) के तहत बगहा-1 और बगहा-2 क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में नए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार डॉ. राजेश कुमार सिंह 'नीरज', जो अब तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड़ (बगहा-2) में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे, उन्हें अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बगहा-1 का नया प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं बगहा अनुमंडल अस्पताल में कार्यरत वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार विश्वानन्द सिंह को नई जिम्मेदारी देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड़, बगहा-2 का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यह फेरबदल राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कार्यहित को ध्यान में रखते हुए किया गया है। दोनों चिकित्सकों को अपने-अपने नए पदस्थापन स्थल पर तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। इस आदेश की प्रतिलिपि स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ-साथ राज्य स्वास्थ्य समिति पटना और तिरहुत प्रमंडल के क्षेत्रीय अपर निदेशक को भी सूचनार्थ भेजी गई है। साथ ही नवनियुक्त प्रभारियों को बिहार कोषागार सेवा संहिता के नियम 84 के तहत निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के रूप में वित्तीय शक्तियों के अनुमोदन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि इससे पहले भी डॉ. कुमार विश्वानन्द सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड़, बगहा-2 के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं।





## गैस व पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह से एजेंसियों पर उमड़ी भीड़, प्रशासन बोला-आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा** अनुमंडल क्षेत्र में गैस सिलेंडर तथा पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह फैलने के बाद गैस एजेंसियों और गोदामों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में गैस सिलेंडर और ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। अफवाह फैलने के बाद कई उपभोक्ता जल्द से जल्द गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर पहुंच गए। कई जगहों पर लोग सुबह से ही खाली सिलेंडर लेकर कतारों में खड़े नजर आए, जिससे एजेंसियों पर भीड़ का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध को लेकर सोशल मीडिया और आपसी बातचीत में यह आशंका फैल गई कि गैस की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसी कारण लोग सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों की ओर दौड़ पड़े। चौतरवा थाना क्षेत्र स्थित एक एचपी गैस एजेंसी पर सोमवार को उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी गईं। एजेंसी प्रबंधक धर्मवीर दबे ने बताया कि गैस की आपूर्ति सामान्य है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं बगहा की एक प्रमुख गैस एजेंसी के संचालक राजेश कुमार ने भी घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य बताई। उन्होंने कहा कि वितरण सुचारू रूप से किया जा रहा है, हालांकि फिलहाल कमर्शियल गैस की बुकिंग बंद है। इस संबंध में एसडीएम चांदनी कुमारी ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र में गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने सभी बीडीओ को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया है, ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू रहे और कानून-व्यवस्था बनी रहे। अगर चाहें तो मैं इस खबर के लिए 2झ3 और मजबूत हेडिंग (दैनिक भास्कर स्टाइल) भी बना सकता हूँ।



## राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत प्रदान किये जा रहे स्वास्थ्य सेवाओं पर उनमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** 07 मार्च 26 मोतिहारी के सिविल सर्जन डॉ दिलीप कुमार एवं मोतीहारी नगर निगम की महापौर प्रीति कुमारी की संयुक्त अध्यक्षता में राष्ट्रीय शहरी स्वस्थ्य मिशन के अंतर्गत स्थानीय नगर निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों की बैठक शहर के निजी होटल में आयोजित की गईं। बैठक में महापौर प्रीति कुमारी ने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा पदाधिकारियों को नगर में स्वास्थ्य सुविधा और आउटरिच कैंप बढ़ाने पर जोर देने को कहा, वहीं सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार ने नगर निगम,नगर परिषद, नगर पंचायत के नव विस्तारित क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं की आउट रीच कैंप लगाने हेतु निगम को सहयोग करने को कहा ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहय्या हो सकें, उन्होंने लक्ष्य प्राप्ति हेतु जागरूकता को अनिवार्य बताया। उन्होंने आउट रिच कैंप के जगह निर्धारण हेतु एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं आउटरीच कैंप में सभी पार्षदों से सहयोग करने का अपील किया, वहीं जिला अनुश्रवण पदाधिकारी अमानुल्लाह अमन ने जानकारी देते हुए बताया की शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत संचालित चार यूपीएचसी है जो वर्तमान में निजी भवन में संचालित है, जिसके लिए भूमि चिन्हित करते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर को विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है साथ ही पंद्रह ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों का परिसीमन के उपरांत नगर निगम, नगर पंचायत, एवं नगर परिषद में शामिल होने के बाद उस जगह शहरी एचडब्लूसी के लिए भूमि चिन्हित करते हुए भवन निर्माण का कार्य किया जाएगा। यूपीएचसी छतौनी में बिल्डिंग को विस्तारित करते हुए टीबी की जांच हेतु लैब के संचालन का निर्णय लिया गया है। बैठक के मंच का संचालन एवं राष्ट्रीय शहरी स्वस्थ्य मिशन से संबंधित प्रस्तुतीकरण अमित कुमार, जिला प्रबंधक पी.एस.आई. इंडिया के द्वारा किया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिलीप कुमार, मोतीहारी नगर निगम की महापौर प्रीति कुमारी, अरेराज नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ठाकुर विश्वमोहन, अनुश्रवण एंव मूल्यांकन पदाधिकारी अमानुल्लाह अमन, पीएसआई के जिला प्रबंधक अमित कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंदन कुमार, डॉ.राहुल कुमार डॉ.पूजा कुमारी, डॉ. अरशद अजीज, डॉ.शिवम, प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक संध्या कुमारी, आदित्य कुमार, धर्मराज कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।



## चापाकल का पानी पीते ही स्कूल के एक दर्जन बच्चे बीमार, जीएमसीएच बेतिया रेफर

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**चनपटिया (पश्चिमी चंपारण)।** चनपटिया प्रखंड के रिफ्यूजी प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को चापाकल का पानी पीने से लगभग एक दर्जन बच्चे अचानक बीमार हो गए। बच्चों को उल्टी, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत होने लगी। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बीमार बच्चों में पिंकी कुमारी, हिमांशु कुमार, प्रिंस कुमार, अरुण कुमार, शिवानी कुमारी, बिट्टू कुमार, साजन कुमार, सिमरन कुमारी, भोला कुमार, विशाल कुमार, कृष्णा कुमार और विकास कुमार शामिल हैं। घटना के बाद विद्यालय प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों को तत्काल भैंसही अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) बेतिया रेफर कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, मंगलवार सुबह विद्यालय खुलने के बाद कुछ बच्चे परिसर में लगे चापाकल से पानी पीने गए। पानी पीने के कुछ ही देर बाद उन्हें उल्टी, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत होने लगी। इसके बाद अन्य बच्चों ने भी वही पानी पी लिया, जिससे कुल मिलाकर करीब एक दर्जन बच्चे बीमार हो गए। जीएमसीएच बेतिया के उपाधीक्षक डॉ. दिवाकांत मिश्रा ने बताया कि सभी बच्चों की स्थिति फिलहाल स्थिर है। एहतियात के तौर पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कर आवश्यक जांच और इलाज किया जा रहा है।



## संक्षिप्त खबरें ।

### रमजान के बचे दिनों को इबादत और दुआ में गुजारें : कारी मोतीउर रहमान अशरफी



**रामजी कुमार।**
**समस्तीपुर।** पाक माह रमजान का दूसरा अशरा मंगलवार को समाप्त हो रहा है और बुधवार से रमजान का आखिरी अशरा शुरू होगा।
जामिया मखदूमिया तेगिया मोइनुल उलूम के संस्थापक कारी मोतीउर रहमान अशरफी मिस्बाही ने कहा कि रमजान का महीना रहमत, मगफिरत और जहन्नम से निजात का महीना है। इस महीने में अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास रहमतें नाजिल करता है। उन्होंने बताया कि रमजान तीन हिस्सों में बंटा होता है।पहला रहमत का, दूसरा मगफिरत का और तीसरा जहन्नम से निजात का। दूसरे अशरे में अल्लाह तआला अपने बंदों के गुनाह माफ करता है। उन्होंने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि रमजान के बचे दिनों में अधिक से अधिक दुआ, जिक्र, कुरआन की तिलावत, तरावीह और अन्य इबादतों में समय बिताएं तथा अल्लाह से अपने गुनाहों की सच्चे दिल से माफी मांगें।

### समस्तीपुर : रघुनाथपुर में पहुँच पथ निर्माण के लिए डीएम को दिया आवेदन

**समस्तीपुर।** वारिसनगर प्रखंड के रामपुर विशुन पंचायत की सरपंच शिव कुमारी देवी ने रघुनाथपुर गांव में पहुँच पथ निर्माण की मांग को लेकर जिलाधिकारी को आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि ग्राम रघुनाथपुर के वार्ड संख्या–06 में मूलकन पोखर के भिंडा से गांव में स्थित रेलवे पुलिया तक सड़क नहीं होने के कारण किसानों को खेती के लिए भारी उपकरण खेत तक ले जाने में काफी परेशानी होती है। बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है, जिससे सैकड़ों किसानों की खेती प्रभावित होती है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। सरपंच ने जिलाधिकारी से जल्द ही मूलकन पोखर से रेलवे पुलिया तक पहुँच पथ निर्माण कराने की मांग की है, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

### विद्यालयों को उपलब्ध कराए गए उत्तर पुस्तिका

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों को 12 मार्च से होने वाली वार्षिक परीक्षा के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। बीआरसी में शिक्षक सुबोध कुमार की उपस्थिति में उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक राजीव कुमार, योगेंद्र कुमार, आशा रानी सहित अन्य उपस्थित थे।

### माटी कला बोर्ड के गठन संबंधी सुझाव हेतु विधानसभा अध्यक्ष का आभार जताया



**संवाददाता विनोद प्रसाद**
**पटना,** विधान सभा के सत्र के दौरान अध्यक्ष द्वारा माटी कला बोर्ड के गठन हेतु सरकार को सुझाव दिए जाने पर उत्साहित प्रजापति (कुम्हार) समाज का प्रतिनिधि मंडल आज डॉ. प्रेम कुमार से मिला और आभार व्यक्त किया। बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य शीला प्रजापति के नेतृत्व प्रतिनिधि मंडल में शामिल वरिष्ठ समाज सेवी सुरेन्द्र प्रजापति, मनीष कुमार, गंगासागर, राजलाल पंडित, डॉ.कमलेश, संतोष प्रजापति, माया देवी एवं सुभाष पंडित आदि प्रमुख लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रजापति (कुम्हार) समाज की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई, जिससे पारंपरिक माटी कला से जुड़े कर्मकारों और शिल्पियों का कल्याण होगा और उनका सर्वांगीण विकास होगा।

# तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वैदेही रामायण कला महोत्सव आयोजित

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवादाता।**
संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एत के सहयोग से मत्स्यगंधा कलाग्राम सहरसा स्थित बटोही सहरसा द्वारा 7-9 मार्च के बीच तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वैदेही रामायण कला - महोत्सव एवं संगोष्ठी का आयोजन सत्तरकटैया प्रखंड के मनखाही गाँव में किया गया। महोत्सव का उद्घाटन नदी मित्र तथा फीजी में भारत सरकार के सांस्कृतिक राजनयिक प्रो. (डॉ). ओम प्रकाश भारती ने किया। उद्घाटन समारोह पर रामजी मंडल, भूतपूर्व मुखिया वीरेंद्र यादव, बटोही के सचिव डॉ. महेंद्र कुमार, समाज सेवी महेश्वर मुखिया, पत्रालाल यादव आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन बटोही के सचिव डॉ. महेंद्र कुमार तथा कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार और अविनाश आर्या ने किया। महोत्सव के प्रथम दिन मोरंग (नेपाल) से आए कलाकार ने रामायण बटोही, सहरसा वैदेही कला महोत्सव आधारित बालन नाटक और स्थानीय कलाकार नारदी भाजन, ओडिसी तथा भरतनाट्यम के माध्यम से रामायण कथा पर आधारित नृत्य नाटक की प्रस्तुति की। महोत्सव के दूसरे दिन बोलपुर शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने अभिषेक दत्त के नेतृत्व में राम कथा पर आधारित नृत्य नाटिका, रावण वध की प्रस्तुति की। पश्चिम बंगाल सिलीगुड़ी से आए कलाकारों ने रनपा, काठीनाच संथाल नृत्य आदि का प्रदर्शन किया। स्थानीय कलाकारों में मधेपुरा भतरंधा के कलाकारों ने लखन शर्मा के नेतृत्व में नटुवा नाच के शैली में राम कथा की प्रस्तुति की। महोत्सव के अंतिम दिन मिथिला में रामकथा के परंपरा विषय पर संगोष्ठी आयोजित किए, संगोष्ठी अध्यक्ष प्रो. (डॉ), ओम प्रकाश भारती ने किया। संगोष्ठी में शोधार्थी दीपक कुमार, सुश्रुत यादव, सोमसी यादव, राहुल यादव, विष्णु कुमार ने आदि राम कथा के विभिन्न आयाम पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। संगोष्ठी के अध्यक्ष प्रो ओम प्रकाश भारती ने कहा राम कथा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सेतु है। इसके माध्यम से मिथिला की का प्रसार वैश्विक स्तर पर हुआ है।

## भलुकी में कैम्प लगाकर किया गया पशुओं का इलाज



**लोकतंत्र की आवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखण्ड केएरुरी पंचायत के भलुकी गांव में कैम्प लगाकर पशुओं का इलाज किया गया। जिला समन्वयक अभिषेक कुमार ने बताया कि मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा के तहत यह कैंप आयोजित किया गया है। बताया गया कि मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा का समय बदल गया है। जिले में पशुपालकों को बेहतर पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट सेवा की समय सारणी में बदलाव किया गया है। अब सुबह 8:30 से लेकर शाम 4:30 तक मोबाइल वेटनरी यूनिट सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त 1962 कॉल सेंटर 24७७ घंटे सक्रिय रहेगी। पशुपालक किसी भी समय हेल्पलाइन नंबर 1962 पर कॉल कर के अपने बीमार पशुओं की समस्या दर्ज करा सकती है। एंबुलेंस सेवा समाप्त होने के बाद भी कॉल सेंटर के माध्यम से पशु चिकित्सक के द्वारा चिकित्सा परामर्श की सुविधा प्रदान की जाएगी ,जिससे पशुपालकों को सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने पशुपालकों से आग्रह किया है कि यदि उनके पशु बीमार हो तो वह तुरंत टॉल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करें। इससे मोबाइल वेटनरी यूनिट की टीम समय पर पहुंचकर इलाज करेगी या टेली मेडिसिन के माध्यम से आवश्यक चिकित्सीय सलाह प्रदान करेगी। यह भी बताया गया कि इस सेवा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों तक त्वरित और सुलभ पशु चिकित्सा सुविधा पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों को अपने बीमार पशुओं का ईलाज कराने के लिए परेशान होना न पड़े। बताया गया कि पशुपालकों को उनके दरवाजे पर पशुओं का उपचार, दवा और पशुओं के रख रखाब संबंधित कई परामर्श उपलब्ध कराई जा रही है।

## घर के सामने खड़ी अपाची मोटरसाइकिल की चोरी

**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा)।** परना डाबर थाना क्षेत्र के सांढ़ गांव में सोमवार को घर के सामने खड़ी एक अपाची मोटरसाइकिल की चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में वाहन मालिक सांढ़ गांव निवासी धीरेंद्र कुमार, पिता कृष्णा सिंह ने परना डाबर थाना में आवेदन देकर मोटरसाइकिल बरामद करने की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार धीरेंद्र कुमार ने अपनी अपाची मोटरसाइकिल घर के सामने खड़ी की थी। इसी दौरान दिनदहाड़े अज्ञात चोर मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी तब हुई जब कुछ देर बाद वाहन मालिक बाहर निकले तो



मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। बताया जा रहा है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में दो युवक मोटरसाइकिल लेकर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। संबंधित फुटेज पुलिस को उपलब्ध करा दिया गया है। चोरी हुई मोटरसाइकिल का नंबर बीआर 27 आर 6428 बताया गया है। प्रभारी थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर मूल निवासी ने उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया

**लोकतंत्र की आवाज**



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड के मंगलवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और समाज के उत्थान में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वनाथ यादव ने की, जबकि मंच का कुशल संचालन राजेन्द्र पासवान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सावित्रीबाई फुले के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। सभा मे अंबेडकर जागृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान, वारिसलीगंज के पूर्व प्रमुख नरेश पासवान, शिक्षक नंदवंशी समाज के जितेंद्र कुमार शर्मा, रविंद्र शर्मा, अर्जुन शर्मा, भरत लाल पासवान आदि ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले केवल एक शिक्षिका नहीं, बल्कि नारी मुक्ति और सामाजिक क्रांति की अग्रदूत थीं। अखिलेश कुमार और भुनेश्वर प्रसाद ने उनके जीवन संघर्षों को युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। कार्यक्रम में मौजूद उत्तम पासवान, कुलदीप यादव, और सुखदेव पासवान ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम अपने बच्चों, विशेषकर बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाएंगे। शिवनंदन पासवान, राममुन्नी प्रसाद चौहान, राजेन्द्र प्रसाद और शिव पासवान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सावित्रीबाई फुले ने समाज में व्याप्त छुआछूत, ऊंच-नीच और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ जो लड़ाई शुरू की थी, उसे आगे बढ़ाना हम सबका सामूहिक दायित्व है।

## चैती छठ पर्व को लेकर चेयरमैन ने लिया तैयारियों का जायजा, शिवजी पोखरा सह छठिया तालाब का चेयरमैन ने किया निरीक्षण

**लोकतंत्र की आवाज**

### श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधा, चेयरमैन ने किया निरीक्षण



**जगदीशपुर/भोजपुर**
चैती महा छठ पर्व को लेकर नगर पंचायत जगदीशपुर ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंगलवार को चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार के साथ नगर के शिवजी पोखरा सह छठिया तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व में होने वाले छठ पर्व की तैयारियों को लेकर रूपरेखा तैयार कर चर्चा की गई। नगर पंचायत की ओर से श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। तालाब में पर्याप्त पानी सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार से मोटर के माध्यम से पानी भरने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। वहीं जल्द ही घाटों की साफ-सफाई का कार्य भी शुरू कराया जाएगा। चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने बताया कि पूर्व की तरह इस बार भी छठ पर्व को लेकर बेहतर व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए लाइट, चेंजिंग रूम सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि चैती छठ पर्व 22 मार्च से शुरू होगा। 22 मार्च को नहाय-खाय, 23 मार्च को खरना पूजा, 24 मार्च को संध्या अर्घ्य तथा 25 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इस मौके पर जेई रौशन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सहरसा : प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवादाता।**
प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच और पोषण परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस और बाल रक्षा भारत संस्था के सहयोग से आयोजित इस अभियान में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। यह पहल प्रत्येक माह में एक दिन सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित की जाती है। इसी क्रम में, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चपराम में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष रूप से पोषण परामर्श स्टॉल लगाया गया। यहां उन्हें गर्भावस्था के दौरान उचित आहार और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की। जांच के बाद एनीमिक और गंभीर एनीमिक महिलाओं को चिकित्सकीय परामर्श के पश्चात आयरन सुक्रोज लगाया गया। साथ ही, महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, आयरन व कैल्शियम की खुराक लेने तथा संतुलित और पौष्टिक आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं उपस्थित खजुरी गांव निवासी रजनी कुमारी, काठो निवासी अनिता कुमारी, तिलाठी निवासी सीता कुमारी, रामपुर के दिव्या कुमारी और मटिहानी के नीतू कुमारी सहित अन्य ने आरोप लगाते हुए कहीं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच और पोषण तो दिया जाता है परंतु हम महिलाओं के लिए यहा पीने के पानी तक कि समुचित व्यवस्था नही मिलता है, परंतु प्रावधान के अनुसार मिलना चाहिए।

## लगातार तीसरी बार जदयू प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला प्रवक्ता नें जताया हर्ष







**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवादाता।**
जनता दल यू के लगातार तीसरी बार उमेश कुशवाहा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर लुतफुल्लाह ने शुभकामना व्यक्त कर बधाई दी है। उन्होने कहा कि बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष को लगातार तीसरी बार इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर समस्त जदयू सहरसा की ओर से हर्ष व्याप्त है। जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, ललन शर्राफ, चंदन सिंह, संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सभी का हृदय तल से आभार व्यक्त एवं कोटि-कोटि बधाई। जिला प्रवक्ता ने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और सशक्त अधिक मजबूत होगा तथा बिहार में विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन की दिशा में पार्टी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। सहरसा के समस्त जनता दल यू के सम्मानित नेतागण कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष का माहौल है उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में काफी खुशी है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है उमेश सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में संगठन को काफी धारदार तथा मजबूती प्रदान करेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें स्वस्थय, सफल और ऊर्जावान नेतृत्व प्रदान करने की शक्ति दे।

## रजौली : बिना सूचना के बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान

**लोकतंत्र की आवाज**



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र में गर्मी बढ़ते ही बिजली कटौती की समस्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। कई गांवों और मोहल्लों में बिना किसी पूर्व सूचना के लगभग 5 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रहने से आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दिन के समय बिजली कटने से पेयजल आपूर्ति, पंखे-कूलर और अन्य आवश्यक उपकरण ठप हो गए हैं, जिससे खासकर बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को अधिक परेशानी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा बिजली काटने से पहले कोई सूचना नहीं दी जाती, जिससे लोग अपनी दैनिक दिनचर्या की तैयारी भी नहीं कर पाते। व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि दुकानों में बिजली आधारित उपकरण बंद हो जाते हैं।ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने बिजली विभाग से मांग की है कि अगर मरम्मत या अन्य कारणों से बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़े तो पहले से सूचना दी जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े। साथ ही नियमित और सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। इस संबंध में बिजली विभाग के कनीय अभियंता भुवनेश्वर प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को बिजली के तारों के ऊपर पेड़ों की टहनियों की छंटाई चल एवं फ्यूज में काम किए जाने के कारण कुछ घंटे बिजली बाधित थी।

## संक्षिप्त खबरें

### रोहतास प्रखंड में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर बैठक, रोकथाम के लिए कई अहम निर्णय



लोकतंत्र की आवाज
रोहतास। रोहतास प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय रोहतास में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋषिकेश कुमार ने की कार्यक्रम का संचालन उदय तिवारी द्वारा किया गया।बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन, सामाजिक कार्यकर्ता तथा स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और उनकी रोकथाम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि तेज गति से वाहन चलाना, सड़क किनारे अवैध पार्किंग, ओवरलोडिंग तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करना दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा वाहन चालकों की नियमित जांच की जाएगी। सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए।साथ ही ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर वहां आवश्यक सुरक्षा उपाय करने, सड़क किनारे लगे अवैध अतिक्रमण को हटाने तथा आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर और संकेतक बोर्ड लगाने का भी निर्णय लिया गया।बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।बैठक में रोहतास थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष श्रीकांत कुमार, प्रखंड प्रभारी डॉक्टर अनुज कुमार चौधरी, डालमिया सिक्योरिटी एसओडी राकेश कुमार, कृष्णा सिंह, विशाल देव, जिशान अहमद खान सुदेश्वर वर्मा, राजेश कुमार, अन्य अधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जोरावरपुर जामा मस्जिद में रमजान की तरावीह संपन्न, अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ मांगी गई



लोकतंत्र की आवाज
काराकाट। काराकाट प्रखंड के जोरावरपुर स्थित जामा मस्जिद में माहे रमजान की मुकद्दस तरावीह की नमाज सोमवार की रात मुकम्मल हो गई। यह सिलसिला 18 फरवरी को रमजान का चांद नजर आने के साथ ही शुरू हुआ था। पूरे रमजान के दौरान बड़ी तादाद में नमाजियों ने शिरकत कर इबादत का एहतेमाम किया। कोआथ निवासी हाफिज साकिब खान ने तरावीह की नमाज अदा कराई। तरावीह मुकम्मल होने के बाद मस्जिद कमिटी की जानिब से हाफिज साकिब साहब का इस्तकबाल किया गया। इस मौके पर उन्हें फूल-माला, अंगवस्त्र और 45 हजार रुपये बतौर नजराना पेश किया गया। मौजूद लोगों ने उन्हें गले मिलकर मुबारकबाद दी और अपनी खुशी का इजहार किया। इसके बाद तमाम नमाजियों ने मस्जिद में बैठकर अल्लाह तआला से मुल्क और दुनिया में अमन-ओ-सुकून, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए खास दुआएं कीं। इस मौके पर उलेमा और बुजुर्गों ने लोगों से अपील की कि माहे रमजान की बरकतों से ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं, इबादत का एहतेमाम करें और गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना सब्र, इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम देता है। इस मौके पर जामा मस्जिद के सेक्रेटरी अयूब खान उर्फ कलंन, गुफरान खान, असगर खान,राजा खान, सादिक खान, शोएब खान, अजीजुल्लाह खान, जुनैद खान, तफज्जुल खान, मोजिबुल्लाह खान, आकिब खान, अमन खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### ईद-उल-फितर एवं रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण व सौहार्द वातावरण में मनाने हेतू सदभावना समिति की बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
काराकाट। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी काराकाट देवाशिष सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत जयश्री, धनहरा,अमौना एवं दनवार में ईद- उल-फितर व रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में मनाने हेतू सदभावना समिति की बैठक आयोजित की गई । उक्त दौरान ग्रामीणों से पर्व को शांतिपूर्ण मनाने हेतू अपील की गई । मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राहुल सिंह,प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार,काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार,जयश्री मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह,चिंटु कुमार,कमला देवी धनहरा मुखिया,विकास मित्र पुनम, सरस्वती,संतोष पंचायत सचिव, अविनाश कुमार,ऐनूल हक सहित सभी ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### चैत्र नवरात्रि में 72 साल बाद दुर्लभ संयोग,19 मार्च को कलश स्थापना

लोकतंत्र की आवाज
वरिष्ठ पत्रकार रजनीकांत पान्डेय
बिक्रमगंज। इस वर्ष 19 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि में कलश स्थापना को लेकर जानकारों के अनुसार दो शुभ मुहूर्त बताए गए हैं । पहला शुभ समय सुबह 6 बजकर 02 मिनट से 7 बजकर 43 मिनट तक रहेगा ।इसके बाद दूसरा शुभ मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 05 मिनट से दोपहर 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा । बताते चलें कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से लेकर 27 मार्च तक मनाए जाएंगे । चैत्र नवरात्रि के पहले दिन प्रतिपदा तिथि पर विधि-विधान से कलश स्थापना होगी । फिर अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन के साथ नवरात्रि का समापन होगा । इस बार घटस्थापना के दिन तीन बड़े ही खास योग रहने वाले हैं । इस वर्ष एक और खास बात यह होगी कि घटस्थापना के समय चैत्र अमावस्या का प्रभाव भी रहने वाला है । चैत्र नवरात्रि 2026 की तिथि हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट से प्रारंभ होगी और 20 मार्च को अहले सुबह 4 बजकर 52 मिनट तक रहेगी । 19 मार्च को सूर्योदय अमावस्या तिथि में ही होगा ।इसलिए घटस्थापना के समय अमावस्या का प्रभाव भी रहने वाला है । जानकारों का कहना है कि यह दुर्लभ संयोग करीब 72 साल बाद बन रहा है । प्रतिपदा तिथि पर 3 शुभ योग शुक्ल योग 19 मार्च को सुबह से शुरू होकर देर रात 01:17 बजे तक, ब्रह्म योग 19 मार्च की रात्रि 01:17 बजे से शुरू होकर 20 मार्च की रात्रि तक प्रभावी रहेगा,जबकि सर्वार्थ सिद्धि योग 20 मार्च को सुबह 4:05 बजे से 6:25 बजे तक रहेगा ।

### आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, कई घायल, पांच अभियुक्त गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। सासाराम नगर थाना अंतर्गत बरादरी मुहल्ले में कल दिनांक 09.03.26 की शाम बच्चों के झगड़े को सुलझाने के बदले बड़े लोग आपस में मार-पीट कर दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे को घायल कर दिए। जिसके आलोक में जांच उपरांत दोनों पक्षों का आवेदन प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। प्रथम पक्ष से तीनों अभियुक्त 1 मो शहजाद सुलेमानी, 2 मो शहबाज सुलेमानी, 3 मो आमिर तीनों पे0 मो मेराज सुलेमानी सा0 बरादरी दलेलगंज एवं द्वितीय पक्ष के दोनों अभियुक्त 1 दानिस अंसारी, 2 राजिक अंसारी, दोनों पे0 गुलाम रसूल अंसारी, सा0 बरादरी दलेलगंज सभी थाना सासाराम नगर, जिला- रोहतास को गिरफ्तार किया गया है तथा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में ‘फार्मा अन्वेषण का सफल आयोजन

## फार्मेसी के जनक प्रोफेसर एम एल श्रॉफ को राष्ट्रीय पुरस्कार देने की उठी मांग

लोकतंत्र की आवाज



सासाराम। नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार, सासाराम में 10 मार्च 2026 को “फार्मा अन्वेषण–2026” का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे के अवसर पर आयोजित किया गया, जो भारत में फार्मेसी के जनक प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष जसुभाई हीराभाई चौधरी रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान हाजीपुर की निदेशक प्रो. डॉ. श्रीमती के. रुक्मणी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पहली बार बिहार में इस प्रकार के कार्यक्रम में शामिल हुआ हूं। मुझे यहां का वातावरण अपेक्षा से कहीं अधिक सकारात्मक लग रहा है और मुझे उम्मीद है कि निश्चित रूप से यह सम्मेलन फार्मेसी के लिए अन्वेषण की नई कहानी लिखेगा ।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के प्रबंध निदेशक एवं माननीय विधायक, औरंगाबाद त्रिविक्रम नारायण सिंह ने इस महत्वपूर्ण आयोजन के सफल संपादन पर बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान की। श्री सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मेसी के जनक प्रोफेसर श्रॉफ को उनके अमूल्य योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की जरूरत है ।फार्मेसी जगत के सभी लोग राष्ट्रीय स्तर पर मुहिम चला कर सरकार से इस मांग हेतु आवश्यक पहल करें ।

इसके अतिरिक्त माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉ. जगदीश सिंह, माननीय प्रतिकुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह ने कार्यक्रम में अपने संबोधन से उपस्थित छात्रों को लाभान्वित किया ।इस अवसर पर फार्मेसी काउंसिल ने नई दिल्ली के ई सी सदस्य मि धर्मेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि,सी सी सदस्य डॉ कुमार अजय कुलसचिव आलोक प्रताप तथा परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ व्यक्त कीं ।इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डीन-कम-प्रिंसिपल, नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी रहे, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों जैसे सीतामढ़ी, सिवान, बक्सर, गया, औरंगाबाद, पटना, मुजफ्फरपुर तथा सहरसा से प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 660 प्रतिभागियों ने इस आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर प्रेजेंटेशन, ओरल प्रेजेंटेशन तथा मॉडल प्रेजेंटेशन शामिल रहे। पोस्टर प्रेजेंटेशन के लिए 16 प्रतिभागियों का चयन किया गया, जबकि ओरल प्रेजेंटेशन के लिए 5 प्रतिभागियों का चयन हुआ। इसके अतिरिक्त 2 मॉडल प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर फार्मेसी शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा की गई। अतिथियों ने छात्रों को फार्मेसी के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार तथा उद्योग-जगत से सक्रिय जुड़ाव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विश्वविद्यालय प्रशासन, संकाय सदस्यों तथा छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे फार्मेसी शिक्षा एवं शोध को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी पहल बताया।

# पैन-आधार के दुरुपयोग से फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन, 115 करोड़ से अधिक के लेनदेन का नोटिस

लोकतंत्र की आवाज



सासाराम। रोहतास जिले के सासाराम में पैन और आधार कार्ड के कथित दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्तियों ने स्थानीय व्यवसायी गालिब इमाम के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन करा लिया और करोड़ों रुपये के कारोबार का विवरण दर्ज कर दिया। इसके बाद आयकर विभाग की ओर से उन्हें भारी-भरकम लेनदेन से जुड़े नोटिस मिलने लगे।

इस संबंध में पीड़ित व्यवसायी एवं फोटोस्टेट दुकानदार गालिब इमाम ने सासाराम नगर थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत में उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राथमिकी के अनुसार अज्ञात व्यक्तियों ने उनके पैन और आधार कार्ड का दुरुपयोग कर तीन फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन करा लिए। इन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से करीब 115 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्शाया गया है, जबकि पीड़ित का इस प्रकार के किसी भी व्यापार से कोई संबंध नहीं है।

अड्डा रोड निवासी गालिब इमाम सासाराम में एक छोटी सी फोटोस्टेट की दुकान चलाते हैं और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका कहना है कि उन्होंने कभी किसी बड़े व्यापार या कंपनी का संचालन नहीं किया। करोड़ों रुपये के कथित लेनदेन से जुड़े नोटिस मिलने के बाद ही उन्हें पूरे मामले की जानकारी हुई। गालिब इमाम के अनुसार हाल के दिनों में आयकर विभाग की ओर से कई नोटिस प्राप्त हुए हैं। इनमें 5 फरवरी को सासाराम स्थित आयकर कार्यालय से 1,10,93,13,901 रुपये के कथित लेनदेन से संबंधित नोटिस भी शामिल है। इसके अलावा देश के विभिन्न शहरों से भी उनसे जुड़े लेनदेन को लेकर नोटिस भेजे गए हैं।

पीड़ित ने बताया कि शिलांग (मोरेगांव) से सैयदा अफ्जिया के पैन कार्ड से जुड़े 4,42,93,333 रुपये के लेनदेन का नोटिस मिला है, जबकि भोपाल से दादूलाल गुप्ता के नाम से संबंधित एक अन्य नोटिस भी प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त दिल्ली से अलग-अलग नामों से पांच अन्य नोटिस भी भेजे गए हैं।

इस मामले में एफआईआर संख्या 154/26 दिनांक 1 मार्च 2026 को सासाराम नगर थाना में दर्ज की गई है। पीड़ित ने प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि उनके नाम पर हुए फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन को तत्काल निरस्त किया जाए, पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें फर्जी आयकर नोटिसों से राहत दिलाई जाए। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आज से विदाई यात्रा पर नीतीशभारी पड़ रहा है इस्तीफे का इंतजार

लोकतंत्र की आवाज

दिनेश तिवारी
सासाराम। भारत में परपंराओं का अपना महत्व है। संस्कारों का अपना औचित्य है। इन्हीं परंपरा और संस्कारों में एक शब्द है विदाई। विदाई विषादपूर्ण उत्साह का अवसर है। दुर्गा पूजा, सरस्वती पूजा, गणेश पूजा जैसे अवसरों के बाद प्रतिमाओं की विदाई दी जाती है, विसर्जन किया जाता है। इसके साथ उत्सव संपन्न हो जाता है।

सामाजिक और पारिवारिक जीवन में विदाई शब्द का अपना महत्व है। विदाई कराकर पत्नी को भी मायके से लाया जाता है। लेकिन बहन या बेटी की विदाई का अवसर अद्भुत होता है। शादी के बाद बेटी या बहन की विदाई के साथ दो परिवारों का नया संबंध शुरू होता है। नये जीवन की शुरुआत होती है। लड़की की पहली विदाई के कुछ दिन पहले से पास-पड़ोस की महिलाएं और परिवार उन्हें खाने पर आमंत्रित करते हैं। यह सिलसिला कई दिनों तक चलता है। यह लड़की के प्रति सम्मान, प्यार और अपनापन की अभिव्यक्ति भी होती है।

हम भी राजनीतिक स्टोरी को पारिवारिक आयोजन बनाकर बैठ गये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। अब वे भाजपा के अतिथि मुख्यमंत्री हैं, गेस्ट सीएम। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अनुकंपा के अभ्यर्थी। विदाई की टिकट थमा दी गयी है, तिथि भरना बाकी है। तिथि का अनुमानित अवसर भी तय है। बिहार के सत्ता शीर्ष से विदाई को स्वीकार कर नीतीश कुमार आज यानी 10 मार्च से विदाई यात्रा पर निकल रहे हैं। सरकारी भाषा में इसे समृद्धि यात्रा कहा जा रहा है। मुख्यमंत्री विदाई यात्रा के दौरान अपनी उपलब्धियों का प्रसाद बांटेंगे। विवशता को त्याग बताएंगे और पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह द्वारा सरकार हड़पने को बिहार के लिए वरदान बताएंगे। नीतीश कुमार अपने बेटे को पार्टी की कमान सौंपने को लेकर कुछ नहीं बोलेंगे। क्योंकि यह घटना उनके लिखित स्क्रिप्ट का हिस्सा नहीं होगा। नीतीश कुमार का ‘पोलिटिकल सुसाइड नोट’ भी सोशल मीडिया पर दिल्ली से भाजपा के नेटवर्क से पोस्ट हुआ था। जनता के लिए नीतीश का विदाई संदेश भी दिल्ली से लिखकर आया है। मुख्यमंत्री की विदाई यात्रा कितने चरण और कितने दिनों की होगी, यह नीतीश कुमार को भी पता नहीं है। उन्हें रिंगमास्टर के इशारे पर चलना, फिरना और बोलना है। बिहार का राजनीतिक हालात पटना के नियंत्रण से बाहर है। वैसी स्थिति में बिहार की जनता को अपने दुर्भाग्य पर रोने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है। अब बिहार को विदाई विलाप के लिए तैयार रहना चाहिए।

# गिरधरिया पहुंचे प्रशांत किशोर, सूरत हादसे में मृत सोनू पासवान के परिजनों से मिले

लोकतंत्र की आवाज



अशोक कुमार संवाददाता
शिवसागर। शिवसागर थाना क्षेत्र के गिरधरिया गांव निवासी सोनू पासवान की गुजरात के सूरत में हुए दर्दनाक हादसे में मौत के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। मंगलवार को जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर गिरधरिया गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने मृतक सोनू पासवान के पिता कमलेश पासवान, मां संतोषी देवी और पत्नी तेतरा कुमारी से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा परिवार के दुःख में सहभागी होने की बात कही। परिजनों ने रोते हुए बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण सोनू पासवान रोजगार की तलाश में गुजरात के सूरत गया था। वहां वह एक डाइंग मिल में मजदूरी करता था और उसी कमाई से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिवार को उम्मीद थी कि उसकी मेहनत से घर की स्थिति धीरे-धीरे बेहतर होगी, लेकिन अचानक हुए हादसे में उसकी मौत हो गई। मौत की खबर ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।

प्रशांत किशोर ने परिजनों से पूरी घटना की जानकारी ली और इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में रोजगार के अवसरों की कमी के कारण बड़ी संख्या में युवाओं को रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है। अगर राज्य में ही रोजगार के पर्याप्त साधन और उद्योग-धंधे विकसित किए जाएं, तो लोगों को अपने घर-परिवार से दूर जाकर मजदूरी करने की मजबूरी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सोनू पासवान की मौत केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं है, बल्कि यह उस बड़ी समस्या की ओर भी इशारा करती है, जिसमें रोजगार के अभाव में युवाओं को पलायन करना पड़ता है। बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर घर से बाहर जाने वाले कई युवाओं को जोखिम भरे हालात में काम करना पड़ता है। ऐसी घटनाएं सरकार और समाज दोनों के लिए चिंतन का विषय हैं। गांव के लोगों ने भी इस दौरान अपनी समस्याएं रखते हुए बताया कि इलाके में रोजगार के साधनों की भारी कमी है। इसी कारण हर साल बड़ी संख्या में युवक गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब और दिल्ली जैसे राज्यों में मजदूरी करने के लिए जाते हैं। ग्रामीणों का कहना था कि अगर क्षेत्र में उद्योग या रोजगार के अन्य साधन उपलब्ध हों, तो युवाओं को परदेस जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रशांत किशोर ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मृतक के परिजनों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा और सरकारी सहायता प्रदान की जाए, ताकि परिवार को इस कठिन समय में कुछ सहारा मिल सके।

■ रोजगार के अभाव में पलायन को बताया बड़ी समस्या, सरकार से मुआवजा दिलाने की मांग की

उन्होंने कहा कि जन सुराज की ओर से भी परिवार के साथ हर संभव सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर जन सुराज के जिला प्रवक्ता विनोद तिवारी, शिवसागर उप प्रमुख विनय सिंह ,चेनारी विधानसभा प्रत्याशी नेहा नटराज ,तोराब नियाजी, डेहरी विधानसभा प्रत्याशी प्रदीप सिंह, शिवसागर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद जाफर अली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और सोनू पासवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे गांव में अब भी गम और शोक का माहौल बना हुआ है।

# विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार का दिखा असर ,वादा निभाने रोझई गांव पहुंचे विधायक मुरारी प्रसाद गौतम

लोकतंत्र की आवाज

अशोक कुमार संवाददाता
शिवसागर। शिवसागर प्रखंड के रोझई गांव में विद्यालय की मांग को लेकर विधानसभा चुनाव के दौरान ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार किया था। चुनाव के समय ग्रामीणों को दिया गया आश्वासन निभाने के लिए क्षेत्रीय विधायक मुरारी प्रसाद गौतम मंगलवार को गांव पहुंचे। उन्होंने जिला के वरीय अधिकारियों के साथ गांव में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और जल्द विद्यालय निर्माण की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया ।ग्रामीणों ने बताया कि रोझई गांव में विद्यालय नहीं होने के कारण छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाई के लिए दूसरे गांव तक पैदल जाना पड़ता है।

खासकर प्राथमिक कक्षा के बच्चों को रोजाना काफी दूरी तय करनी पड़ती है। बरसात और गर्मी के दिनों में यह समस्या और भी बढ़ जाती है। इसी परेशानी को लेकर गांव के लोगों ने पिछले विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार किया था.उस समय विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने ग्रामीणों से वादा किया था कि यदि वे चुनाव जीतते हैं तो इस समस्या को प्राथमिकता के साथ उठाकर समाधान की दिशा में काम करेंगे। चुनाव में जीत हासिल करने के बाद विधायक ने इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाया और प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया ।मंगलवार को इसी क्रम में विधायक जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ रोझई गांव पहुंचे। इस दौरान शिवसागर बीडीओ अशोक कुमार, राजस्व अधिकारी, पंचायत समिति सदस्य आरती कुमारी और गांव की मुखिया पुष्पा कुमारी सभी ने मिलकर विद्यालय निर्माण के लिए संभावित भूमि का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने राजस्व अधिकारी को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर विद्यालय निर्माण के लिए भूमि को चिन्हित कर लिया जाए, ताकि जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा से जुड़ी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। विधायक ने कहा कि गांव के बच्चों को पढ़ाई के लिए दूसरे गांव पैदल जाना पड़ता है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रोझई गांव में विद्यालय निर्माण के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा, ताकि बच्चों को शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े।

### कोचस पीएचसी में फीता काटकर एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज
कोचस। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कोचस में मंगलवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी डॉ. तुषार कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ. तुषार कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह टीकाकरण अभियान बालिकाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है कि इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक समय पर पहुंचे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव में जागरूकता फैलाने का कार्य भी कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से अपील करते हुए कहा कि टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान हेल्थ मैनेजर मोतिउर रहमान, बीसीएम अजय कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे और अभियान को सफल बनाने के लिए अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया।

# क्यों नाकाम नेता प्रतिपक्ष साबित हो रहे हैं तेजस्वी यादव

लोकतंत्र की आवाज

दिनेश तिवारी
सासाराम। बिहार में एक नेता हैं तेजस्वी यादव। वे एक साथ कई पहचानों से बंधे हैं। उनका सबसे पहला परिचय है कि वे मंडल आंदोलन के नायक लालू यादव के पुत्र हैं। उनका दूसरा परिचय है कि विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। तीसरा परिचय है कि वे पूर्व उपमुख्यमंत्री हैं। इनका और परिचय लोग अपने-अपने ढंग देते हैं।

पिछले 10-12 वर्षों से हम तेजस्वी यादव को देखते रहे हैं। कई भूमिकाओं में उनकी भूमिका देखी है। वे सबसे काबिल, मुखर और प्रखर तब दिखे, जब वे 2017 से 2022 के बीच नेता प्रतिपक्ष थे। उपमुख्यमंत्री के अपने पहले कार्यकाल में वे लालूजी के आवरण में ढके रहे और 2022 के बाद नीतीश कुमार के मोहपाश में बंध गये। वे नेता प्रतिपक्ष के रूप में मुख्यमंत्री और सरकार से लड़ते और जुझते हुए नजर नहीं आये। वे सत्यनारायण कथा में धूप-हुमाद डालने की भूमिका का निर्वाह करते रहे हैं।

आज जबकि नीतीश कुमार को जबरिया राज्यसभा शिफ्ट किया जा रहा है। भाजपा नये मुख्यमंत्री की तलाश में जुटी है, तब तेजस्वी को जनमत के अपमान और तिरस्कार के आरोप में सड़क पर होना था। लेकिन तेजस्वी मौन हैं। पीसी करके अपनी जिम्मेवारी की इतिश्री समझ रहे हैं। राज्यसभा चुनाव में पार्टी का वोट बांधे रखना उनकी सबसे बड़ी चुनौती है। लेकिन इससे बड़ी चुनौती है विपक्ष की भूमिका में होना और दिखना। इसके विपरीत तेजस्वी सत्ता का सिकहर टूटने का इंतजार कर रहे हैं।

तेजस्वी की सबसे बड़ी कमजोरी है कि न उनके पास कोई राजनीतिक मकसद है और न विजन वाले उनके पास हैं। उनके आसपास सिर्फ श्रोता हैं, संवदिया की भूमिका में कोई नहीं। उनकी टोली में संवाद के लिए कोई जगह नहीं है। मुलाकात के लिए भी कोई स्पेस नहीं है। हद तो यह हो गयी है कि सत्र के दौरान विधान सभा के चैंबर के दरवाजे पर भी पहरा बैठा दिया जाता है। तेजस्वी को कार्यकर्ताओं की फालतू बात पसंद नहीं है। जबकि राजनीति की आत्मा फालतू बातों में ही तैरती और उबरती है। तेजस्वी यादव से बात करने का कोई तंत्र नहीं है। बात करने की राह खोजते-खोजते लोग रास्ता भटक जाते हैं। परिणाम यह है कि वर्तमान विधान सभा में यादव के 26 विधायकों में मात्र 11 ही राजद के हैं, जबकि 15 दूसरी पार्टियों के हैं।

विधान सभा चुनाव में राजद 25 सीटों पर सिमट गया, यह तेजस्वी की पराजय नहीं थी। राजनीतिक परिस्थिति कुछ ऐसी बन गयी थी कि खिलाफ में वोटों की गोलबंदी मजबूत हो गयी। अभी कुछ बिगड़ा नहीं है, लेकिन तेजस्वी ने बिगड़ने के लिए छोड़ दिया है। पार्टी संगठन मरणासन्न है। तेजस्वी संगठन के साथ खुद को आत्मसात नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनका प्रत्यक्ष संबंध न पार्टी पदाधिकारियों से है और न कार्यकर्ताओं से। पार्टी से जुड़े कुछ लोग हैं, जो नियमित रूप से तेजस्वी से मिलते हैं। लेकिन उनकी मुलाकात राजनीतिक नहीं, बल्कि व्यावसायिक ही होती है।

राजद में अराजकता का आलम यह है कि पार्टी की ओर से एक मासिक पत्रिका प्रकाशित होती थी राजद समाचार। अब बंद कर दी गयी है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि नेता को लगता है कि इसकी कोई जरूरत नहीं है। पार्टी के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की वफादारी तेजस्वी यादव के प्रति ज्यादा है, पार्टी के प्रति नगण्य। राजद के पास पटना में कोई ऐसा प्रवक्ता नहीं है, जो मीडिया के सवालों का तर्कसंगत जवाब दे सके। लिखित या मौखिक। रामवचन राय के बाद राजद कार्यालय में वैचारिक लेखन की संस्कृति ही समाप्त हो गयी। पार्टी कार्यालय में लिखता हुआ कोई आदमी नहीं दिखेगा।

आप सोच रहे होंगे कि हम तेजस्वी यादव की सिर्फ कमजोरी ही गिना रहे हैं। यह स्वाभाविक है। तेजस्वी की तारीफ और उपलब्धि बताने के लिए पार्टी का पूरा तंत्र लगा हुआ है। समर्थकों की फौज लगी हुई है। इन सब की आवाज इतनी कर्कश और मजबूत है कि तेजस्वी दूसरी आवाज सुन ही नहीं पाते हैं। तेजस्वी यादव आज लड़ने की स्थिति में नहीं हैं। समझौता परस्त हो गये हैं। सुरक्षा व्यवस्था के बंधक बन गये हैं। इसलिए उनसे किसी बदलाव की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। अगर हम उनसे एक मजबूत नेतृत्व की अपेक्षा करते हैं, मुद्दे आधारित प्रतिपक्ष के नेता की कल्पना करते हैं तो यह तेजस्वी यादव के प्रति अन्याय होगा। 2022 में सत्ता में दूसरी बार आने से पहले तेजस्वी यादव समाजवाद की उम्मीद थे, जनसरोकार की आवाज थे। अब तेजस्वी यादव नेता प्रतिपक्ष के रूप में प्रदेश की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं पर बोझ बन गये हैं।

अंत में, तेजस्वी यादव से एक व्यक्ति के रूप हमारी कोई अपेक्षा नहीं है। लेकिन बिहार की राजनीति में समाजवाद की धारा के वाहक बनने की ताकत भी तेजस्वी यादव में ही है। इस धारा को प्रवाहित और धारदार बनाये रखने की अपनी उपयोगिता को तेजस्वी को समझना चाहिए। नये राजनीतिक समीकरण और नयी परिस्थिति में तेजस्वी यादव को नयी भूमिका स्वीकार करनी चाहिए। इस संबंध में हम आशावादी नहीं हैं, लेकिन निराश होकर बैठने से भी कुछ नहीं बनने वाला है। इसलिए उम्मीद को जिंदा रखना यादव जाति की जरूरत है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### धनबाद के कतरास में बे-मौसम बारिश में डूबा कतरास, सड़कों पर भरा पानी और गुल रही बिजली



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता। धनबाद के कतरास में सोमवार को हुई बे–मौसम बारिश ने शहर की बदहाल व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। महज कुछ देर की तेज बारिश से ही कई इलाके जलमग्न हो गए, वहीं बिजली गुल होने से पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया। सोमवार शाम करीब साढ़े तीन बजे अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवा के साथ गरज–चमक के बीच जोरदार बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद शहर के कई हिस्सों में जलजमाव की स्थिति बन गई। सबसे ज्यादा असर वार्ड नंबर 3 के राजगंज रोड स्थित सब्जी पट्टी इलाके में देखने को मिला, जहां सड़कें और गलियां पूरी तरह पानी से भर गईं। जलजमाव के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं सब्जी बेचने वाले छोटे दुकानदारों की सब्जियां पानी में डूब जाने से उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम चुनाव के बाद भी शहर की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर अभी थोड़ी सी बारिश में यह हाल है, तो मानसून के दौरान स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

### धनबाद के बेहराकुदर पंचायत की बिटिया ने बढ़ाया मान, CA इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुप में पाई सफलता




लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ,रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता । बेहराकुदर पंचायत की बेटी स्वीटी सिंह ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर पूरे पंचायत का नाम रोशन किया है। बेहराकुदर निवासी श्री काली सिंह एवं श्रीमती चारु देवी की पोती तथा उपमुखिया शरण सिंह और बॉबी देवी की पुत्री स्वीटी सिंह ने CA इंटरमीडिएट परीक्षा के दोनों ग्रुप में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। बताया जाता है कि स्वीटी सिंह की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर, श्यामडीह से हुई थी। अपनी मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। स्वीटी सिंह की इस उपलब्धि से पूरे बेहराकुदर पंचायत में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के लोगों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। पंचायत के मुखिया जालिम रजक ने भी स्वीटी सिंह को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता पूरे पंचायत के लिए गर्व की बात है और इससे अन्य बेटियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

### महापौर व वार्ड पार्षद 18 मार्च को करेंगे शपथ ग्रहण



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता । नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 में धनबाद नगर निगम के महापौर एवं वार्ड पार्षद तथा चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष व वार्ड पार्षद आगामी 18 मार्च 2026 को शपथ ग्रहण करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त श्री आदित्य रंजन ने बताया कि धनबाद नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों के साथ 18 मार्च 2026 को 10 :00 बजे पूर्वाह्न में समाहरणालय के प्रथम तल पर स्थित सभाकक्ष तथा चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष व वार्ड पार्षद के लिए समाहरणालय के तृतीय तल पर स्थित कमरा नंबर 314 में बैठक आयोजित की जाएगी। तत्पश्चात उन्हें शपथ दिलाई जाएगी। धनबाद नगर निगम के उप महापौर व चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष के लिए 11 :30 बजे से दोपहर 12 :30 बजे तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया जाएगा। दोपहर 12 :30 बजे से 1 :00 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी। वहीं दोपहर 1 :00 बजे से 1 :30 तक विधि मान्य अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जाएगी। दोपहर 1 :30 बजे से 1 :45 बजे तक नाम वापस लेने का समय निर्धारित है। तत्पश्चात 1 :45 बजे से 2 :15 बजे तक मत पत्र की तैयारी की जाएगी। वहीं दोपहर 2 :15 बजे से 3 :00 बजे तक धनबाद नगर निगम के उप महापौर व चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष के लिए मतदान किया जाएगा। दोपहर 3 :00 बजे से 3 :15 बजे तक मतगणना की जाएगी। वहीं 3 :15 बजे से 3 :30 बजे तक निर्वाचन परिणाम की घोषणा एवं निर्वाचन प्रमाण पत्र 42 में तामिला के लिए समय निर्धारित है। तत्पश्चात दोपहर 3 :30 बजे से 4 :00 बजे तक धनबाद नगर निगम के उप महापौर एवं चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष को शपथ ग्रहण कराई जाएगी।

### राज्य के सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से सात की परीक्षा कल से शुरू



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ
हजारीबाग (झारखंड) । हजारीबाग झारखंड के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 7 तक की वार्षिक परीक्षा 11 मार्च से शुरू। शिक्षा विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षा 11 मार्च से 14 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद मूल्यांकन कार्य 16 से 20 मार्च के बीच किया जाएगा और परिणाम मार्च के अंत तक घोषित किए जाने की संभावना है।

# देर आए दुरुस्त आए गिरिडीह नगर भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड (2026.03.10)।** प्राप्त जानकारी अनुसार 8 मार्च 2026 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेंगाबाद प्रखंड के कर्णपुरा में महिला दिवस का आयोजन किया गया था। गिरिडीह नगर भवन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर 10 मार्च 2026 को नगर भवन में एक भव्य सम्मान समारोह-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं एवं किशोरियों की भूमिका को सम्मानित करना, उनके उत्कृष्ट कार्यों को पहचान देना तथा समाज में बेटी के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं एवं किशोरियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव, उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षाविद, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, छात्राएं तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

मौके पर उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि* किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति महिलाओं के सक्रिय योगदान के बिना संभव नहीं है। महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक अवसर प्रदान करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा, स्वावलंबन, उद्यमिता, कला-संस्कृति तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कई महिलाओं और किशोरियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इन सम्मानित महिलाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में संघर्ष और मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं और किशोरियों ने इन प्रेरणादायक महिलाओं से सीख लेने और जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभियान है, जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। शिक्षा, प्रशासन, खेल, विज्ञान, चिकित्सा, राजनीति और रक्षा जैसे क्षेत्रों में बेटियों ने अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया है। इसलिए समाज को चाहिए कि वह बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करे और उनके सपनों को साकार करने में सहयोग दे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी ने कहा कि* "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" योजना का उद्देश्य केवल बेटियों को जन्म देना ही नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि बेटियों को उचित शिक्षा, अवसर और समर्थन मिले, तो वे समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य उन्हें सशक्त बनाना और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों और अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनसे इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही यह भी बताया गया कि शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से ही महिलाओं को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और प्रशासन के सहयोग से आज ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की महिलाएं भी उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने समाज में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक समाज में महिलाओं को समान अधिकार और अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक समग्र विकास संभव नहीं है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि बेटियों को आगे बढ़ने के लिए सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण प्रदान करें। इसके अलावा नीति आयोग के तहत संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत नगर भवन में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।

इसके साथ ही मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया तथा जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच पर ध्यान दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा टीकाकरण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से कई बीमारियों का समय रहते पता चल जाता है, जिससे उनका उपचार आसानी से संभव हो पाता है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त महोदय द्वारा गर्भवती महिलाओं का पारंपरिक गोदभराई कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद देते हुए उनके स्वस्थ मातृत्व और होने वाले शिशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

उपायुक्त ने महिलाओं को फल, पोषण सामग्री एवं उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान माताओं के स्वास्थ्य, पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच पर विशेष ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। स्वस्थ मां ही स्वस्थ शिशु को जन्म देती है, जिससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होता है।

## धनबाद के निचितपुर टाउनशिप में दो बाहुबलियों की मिलीभगत से बीसीसीएल ईस्ट बसुरिया में काले हीरे की लूट



**लोकतंत्र की आवाज़**
**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, रिपोर्टर = पप्पु गुप्ता।** ईस्ट बसूरिया ओपी क्षेत्र के निचितपुर टाउनशिप स्थित मोहलीडीह ग्राउंड, ईस्ट बसूरिया पुलिस चेकपोस्ट के पीछे इन दिनों अवैध कोयला कारोबार खुलेआम चरम पर है। बताया जा रहा है कि दो बाहुबली मिलकर बीसीसीएल के निचितपुर कोल डंप से कोयला चोरी करवा रहे हैं। मोटरसाइकिल, टोटो और साइकिल के जरिए कोयला लाकर पहले अवैध डिपो में जमा किया जाता है, फिर दिनदहाड़े ट्रकों के माध्यम से बाहरी इलाकों में भेज दिया जाता है। हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इस अवैध कारोबार की भनक अब तक न तो सीआईएसएफ को लग पाई है और न ही स्थानीय पुलिस प्रशासन को।

## मानदेय वृद्धि समेत विभिन्न मांगों को लेकर आवास कर्मियों ने दी राज्य में आंदोलन की चेतावनी

**लोकतंत्र की आवाज़**



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा(झारखंड)।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक कार्यरत कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। राज्य आवास कर्मी संघ ने कहा है कि यदि सरकार जल्द मानदेय वृद्धि सहित अन्य मांगों पर निर्णय नहीं लेती है, तो पूरे झारखंड में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2015-16 से अनुबंध पर कार्य कर रहे ये कर्मी ग्रामीण गरीबों को आवास उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद महंगाई के इस दौर में उन्हें बहुत कम मानदेय मिल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ज्ञापन देकर सरकार और विभागीय अधिकारियों के समक्ष समस्याएं रखी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। कर्मियों की प्रमुख मांगों में प्रखंड लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 36 हजार रुपये करने, प्रखंड समन्वयक का मानदेय 18 हजार से बढ़ाकर 45 हजार रुपये करने की मांग शामिल है। वहीं जिला स्तर के कर्मियों के मानदेय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी तथा राज्य स्तर के विशेषज्ञों के मानदेय में 70 प्रतिशत वृद्धि की मांग की गई है। इसके अलावा ग्रेड-पे निर्धारित करने, 5 प्रतिशत क्षेत्र भ्रमण भत्ता देने, अपील समिति का गठन करने तथा कार्यकाल को 60 वर्ष तक करने की मांग भी रखी गई है।

**17 से 20 मार्च तक सांकेतिक हड़ताल:** संघ ने बताया कि मांगों को लेकर 17 से 20 मार्च तक राज्यव्यापी सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी सरकार की ओर से सकारात्मक पहल नहीं होने पर 7 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सुचारू संचालन में इन कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि आंदोलन होता है, तो इससे ग्रामीण गरीबों को आवास मिलने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। ऐसे में सरकार को जल्द पहल कर कर्मियों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। फिलहाल कर्मचारी सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। मौके पे ईश्वर साव,फरहत नाजनी, नाजिर अख्तर, सुमित कुमार, आनंद कुमार, सुमित कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## रांची सिविल कोर्ट को एक बार फिर से मिली बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस और बम निरोधी दस्ता एक्टिव

**लोक तंत्र की आवाज**



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित रांची सिविल कोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ई-मेल के जरिए भेजी गई, जिसके बाद पुलिस और बम निरोधी दस्ता तुरंत सक्रिय हो गया। सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियों ने कोर्ट परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

**बम निरोधी दस्ता और पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन :** धमकी मिलने के बाद पुलिस की टीम और बम निरोधी दस्ता मौके पर पहुंचा और पूरे कोर्ट परिसर की जांच की। सुरक्षा के लिहाज से परिसर के आसपास भी निगरानी बढ़ा दी गई। हालांकि अब तक की जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। गौरतलब है कि इससे पहले फरवरी महीने में भी रांची सिविल कोर्ट, डीसी कार्यालय, पासपोर्ट ऑफिस सहित झारखंड के कई न्यायालयों को इसी तरह ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। पुलिस का मानना है कि किसी शरारती तत्व द्वारा इस तरह की अफवाह फैलाने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों का पता लगाने का प्रयास जारी है।

घटना के बाद कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले सभी लोगों की सघन जांच की जा रही है। प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा जांच को और सख्त कर दिया गया है। एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। फिलहाल जांच के दौरान किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। मौके पर कोतवाली डीएसपी समेत बम निरोधक दस्ता और पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद हैं और पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान करने के लिए तकनीकी जांच भी कर रही है।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में उठाया लोकायुक्त पद की रिक्तता का मुद्दा, जल्द नियुक्ति की मांग

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान हज़ारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य में लोकायुक्त पद की लंबे समय से चल रही रिक्तता का महत्वपूर्ण मुद्दा सदन में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि 29 जून 2021 से झारखंड में लोकायुक्त का पद रिक्त है, जिसके कारण यह महत्वपूर्ण अर्ध-न्यायिक संस्था प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर पा रही है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में कहा कि लोकायुक्त संस्था का उद्देश्य शासन व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना है। यह ऐसी व्यवस्था है जहाँ राज्य का कोई भी नागरिक लोकसेवकों के विरुद्ध भ्रष्टाचार अथवा लोक शिकायत से जुड़े मामलों में बिना किसी वकील के स्वयं निःशुल्क शिकायत दर्ज करा सकता है।

उन्होंने कहा कि लोकायुक्त पद के लंबे समय से रिक्त रहने के कारण आम नागरिकों को शिकायतों के समाधान के लिए अपेक्षित मंच नहीं मिल पा रहा है। इससे प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। विधायक ने सरकार से आग्रह किया कि राज्य में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए लोकायुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक औपचारिकता का विषय नहीं है, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों और न्याय व्यवस्था में उनके विश्वास से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार इस विषय की गंभीरता को समझते हुए जल्द ही लोकायुक्त पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करेगी, जिससे राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी व्यवस्था और जन शिकायतों के समाधान की प्रणाली और मजबूत हो सके। विधायक ने कहा कि जनता से जुड़े ऐसे महत्वपूर्ण विषयों को वे सदन में निरंतर उठाते रहेंगे और पारदर्शी तथा जवाबदेह शासन व्यवस्था के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

## रसोइया दीदियों का समाहरणालय पर जोरदार प्रदर्शन, न्यूनतम वेतन सहित 15 सूत्री मांगों को ले जताया आक्रोश

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड प्रदेश रसोइया संयोजिका एवं अध्यक्ष संघ के बैनर तले मंगलवार को सैकड़ों रसोइया दीदियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर समाहरणालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। जिले के अलग-अलग प्रखंडों से बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने एक दिवसीय धरना देकर सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया।

धरना में शामिल रसोइया दीदियों ने कहा कि वे वर्षों से सरकारी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) बनाती हैं, लेकिन इसके बदले उन्हें सम्मानजनक मानदेय नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार से न्यूनतम वेतन लागू करने सहित 15 सूत्री मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम पासवान ने बताया कि मांगों की अनदेखी के कारण राज्यभर के रसोइया-संयोजिका आंदोलन को मजबूर हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई जगह शिक्षकों द्वारा रसोइयों को हटाने की धमकी भी दी जा रही है, जिससे उनमें भारी नाराजगी है। धरना के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधीक्षक से वार्ता कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। रसोइया दीदियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## हजारीबाग : रामनवमी एवं मंगला जुलूस को लेकर जिला प्रशासन ने रूट वेरिफिकेशन व फ्लैग मार्च किया

**लोकतंत्र की आवाज**





**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** आगामी रामनवमी एवं मंगला जुलूस को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जुलूस के निर्धारित मार्गों का रूट वेरिफिकेशन एवं निरीक्षण किया गया। इस क्रम में जिला प्रशासन ने सीसीआर से पेट्रोलिंग की शुरुआत की, जो इंद्रपुरी चौक, नूरा, पगमिल, छड़वा डैम होते हुए झंडा चौक पहुंची। इसके उपरांत प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का प्रदर्शन करते हुए बड़ा अखाड़ा, पंच मंदिर चौक से होते हुए जामा मस्जिद रोड तक फ्लैग मार्च किया गया।

जिला प्रशासन ने माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि पर्व-त्योहारों के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग करें।

रामनवमी पर्व 2026 के अवसर पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मंगला जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु कई स्थानों पर जोनल दंडाधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने निर्धारित स्थैतिक स्थानों पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, सहायक समाहर्ता आनंद शर्मा, भू-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, डीआरडीए निदेशक मां देवप्रिया, जिला परिवहन पदाधिकारी वैद्यनाथ कामती, डीपीआरओ रोहित कुमार सहित कई अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सड़क दुर्घटना में भांजा और मामी घायल, घायलों को इलाज के लिए डायल 112 पुलिस लाई, अनुमंडल अस्पताल



लोकतंत्र की आवाज
मोहनिया । थाना क्षेत्र के मुठानी के पास सोमवार की रात बाइक सवार दो लोगों को एक कार ने टक्कर मार दी,जिससे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।दोनो घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया गया। घायलों की पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोड़सरा गांव निवासी गुराहु चौधरी की 46 वर्षीय पत्नी उषा देवी और अकोढ़ी गांव निवासी सिघासन चौधरी के पुत्र मंजीत चौधरी के रूप में हुई है। दोनों घायल रिश्ते में मामी और भांजा है। घायल मंजीत कुमार ने बताया कि मैं मामी को चेकअप कराने के लिए सासाराम लेकर गया हुआ था और चेकअप करा कर वापस लौटने के क्रम में मोहनिया थाना क्षेत्र के मुठानी के पास एक कार वाले ने हमारी बाइक में टक्कर मार दी जिससे हम दोनों लोग घायल हो गए। हम लोगों को इलाज के लिए डायल 112 पुलिस अनुमंडल अस्पताल मोहनिया ले आई जहां हमारा प्राथमिक उपचार शुरू हुआ। इस संबंध में अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर विंध्याचल सिंह ने सोमवार की रात बताया कि सड़क दुर्घटना में दो लोगों को लाया गया था जिनमें एक को हल्की चोट आई है वही महिला का सर फट गया है और बांया पैर फ्रैक्चर हो गया है, हमने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिए।

### हाइवे में उभरा बड़ा गड्ढा दुर्घटना की बढ़ी संभावना



लोकतंत्र की आवाज
चांद । उत्तर प्रदेश को जाने वाली एन एच 219 हाइवे में बड़े गड्ढे उभर जाने से दुर्घटना की आशंकाएं बढ़ती जा रही है। हाइवे के बदहाल स्थिति से एन एच आई को किसी तरह की चिंता नहीं है। भारत बेहतर सड़क देने के लिए एन एच आई अथार्टी के द्वारा बिहार में कई हाइवे का निर्माण किया गया है। मोहनियां से भभुआ होते हुए उत्तर प्रदेश को जाने वाली एन एच 219 हाइवे अपने बदहाली के लिए चर्चा का कारण बना हुआ है। और राहगीरों को बेहतर यात्रा का दावा करने वाली एन एच आई की पोल खुल गई है। पिछले एक सप्ताह से एन एच आई में बड़ा गड्ढा उभरने के बाद मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। खबर लिखे जाने तक गड्ढा उसी तरह पड़ा है। इसकी सूचना मिलने के बाद भी एन एच आई कार्यालय औरंगाबाद के द्वारा को मरम्मत कार्य करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। बलवंत कंट्क्सन के द्वारा 2021–22 में हाइवे का निर्माण कराया गया था। बलवंत कन्ट्क्सन के साथ पांच साल मरम्मत कार्य करते रहने का एग्रीमेंट किया गया है। मरम्मत कार्य करने के पांच साल अनुबंध के बावजूद हाइवे का बहुत खराब स्थिति है। केकड़ा एवं नंदना गांव के बीच में एन एच 219 हाइवे में बड़ा गड्ढा उभर गया है। सड़क के गढ्ढे में गाड़ी आ जाने से सड़क दुघर्टना संभावना बनी रहती है। रविवार को बाइक चालक गड्ढे में गिर जाने से अपना पैर गंवा चुका है। हाइवे के बने गड्ढे में प्रतिदिन दुर्घटना हो रही है ।इस संबंध में एन एच आई कार्यालय औरंगाबाद से संपर्क करने का प्रयास किया गया। कार्यालय ने मोबाइल रिसीव नहीं किया। हाइवे में उभरे बड़े गड्ढे की मरम्मत कार्य नहीं कराए जाने से ग्रामीणों एवं राहगीरों में आक्त्रोश है ।इस संबंध में कई राहगीर एन एच आई कार्यालय औरंगाबाद को फोन कर सूचना दी है।

### जिला में बेहतर करने वाले छात्राओं को विद्यालय में किया गया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज
भभुआ कैमूर। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी भगवानपुर के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं बाल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जगजीवन स्टेडियम भभुआ में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी भगवानपुर की छात्राओं ने 4 ़.100 मीटर रिले दौड़ में– प्रिती कुमारी,जूही कुमारी,रीमा कुमारी,हिना कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ–साथ भगवानपुर प्रखंड का भी नाम रौशन किया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दरोगा साह एवं वरिष्ठ शिक्षक दिनेश सिंह के द्वारा जिला में बेहतर करने वाले छात्राओं को विद्यालय के प्रांगण में मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही जिला खेल उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा ओम प्रकाश कुमार और जिला खेल मीडिया प्रभारी डॉक्टर तुलसी प्रसाद सिंह के द्वारा सभी छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ढेर सारी बधाई भी दिया गया। वही विद्यालय के शारीरिक शिक्षक उमेश प्रसाद ने बताया कि पढ़ाई–लिखाई के साथ–साथ खेलकूद भी जरूरी है। खेल–कूद से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है,और नेतृत्व करने की क्षमता भी प्रदान होती है। इसलिए सभी छात्र–छात्राओं को खेलकूद में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दरोगा साह, वरिष्ठ शिक्षक दिनेश सिंह,उमेश प्रसाद,राम नगीना पाल,मो. हामिद राईन,मो.इरशाद अंसारी, प्रीतम कुमार, संजीव कुमार,पूनम कुमारी,रिंकी कुमारी,अंकिता कुमारी,मंजू सिंह,दीपिका पांडेय के साथ–साथ समस्त शिक्षक गण एवं अभिभावकगण भी उपस्थित रहे।

# भभुआ : राष्ट्रीय जन आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए नुक्कड़ सभा



**लोकतंत्र की आवाज**

**भभुआ (कैमूर)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) कैमूर जिला कमेटी की ओर से 24 मार्च 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली राष्ट्रीय जन आक्त्रोश रैली को सफल बनाने के लिए पटना से चला हुआ जन संघर्ष जत्था आज कैमूर जिला में प्रवेश किया। भभुआ पुराना प्रखंड कार्यालय के मैदान में स्वागत सभा का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला सचिव मंडल सदस्य कामरेड भीम सिंह ने किया सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कमेटी सदस्य कामरेड डॉक्टर विक्रम सिंह ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में चलने वाली केंद्रीय सरकार पूरी तरह से किसान मजदूर महिला छात्र नौजवान विरोधी साबित हुई है उन्होंने जोर देकर कहा कि हम 24 मार्च को दिल्ली के लाल किला मैदान से यह आह्वान करने करेंगे कि मोदी जी अगर आप चार श्रम संहिता बीबी जी राम जी कानून बिजली बल एवं बीज विधेयक 2025 को वापस नहीं लेते हैं और किसानों के सभी फसलों के लिए एसपी गारंटी वाला कानून नहीं बनाते हैं अमेरिका के साथ झुक कर किये गये समझौता को रेड नहीं करते हैं तो हम आपके खिलाफ पूरे देश में जन आंदोलन खड़ा कर आपको सत्ता से हटाने का काम करेंगे।

राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड अहमद अली ने कहा की महिलाओं के साथ दुराचार बढ़ा है ,यह पूरी तरह से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारा को खोखला साबित करता है। अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे भारी हमले पर चिंता व्यक्त करते हुए आम जनों से दिल्ली चलने का आह्वान किया।

जिला मंत्री कामरेड रंगलाल पासवान ने केंद्रीय नेताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हमारे कैमूर जिला से 1000 का जत्था 22 मार्च को सुबह 11:00 बजे भभुआ रोड रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी।सभा में कामरेड भोला दिवाकर, अब्दुल सत्तार अंसारी ,रामचंद्र प्रसाद,कपिल देव राम,बृजेश कुमार सिंह, रामराज सिंह, बलदाऊ सिंह, रानी देवी, सुनीता देवी, ललिता देवी जैसे सैकड़ो लोग शामिल थे ।इसके पहले चैनपुर प्रखंड के किसान इंटर कॉलेज औखरा में भी एक सभा की गई जहां उपरोक्त वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में दिल्ली चलने का आह्वान किया।

# कैमूर में दिखने लगी गैस की किल्लत जनता परेशान



**लोकतंत्र की आवाज**

■ **पिछले तीन दिनों से इंडियन गैस नहीं मिलने से नाराज दिखे ग्रामीण कहा नहीं मिली गैस तो करेंगे रोड जाम**

**मोहनिया** ।इजराइल और ईरान युद्ध के बाद घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर कैमूर में हाहाकार मचा हुआ है। पिछले तीन दिनों से इंडेन और एचपी गैस का आपूर्ति कैमूर में फिलहाल बंद पड़ा है। जिससे लोग परेशान हो गए हैं।लोगों के मन में अब यह चलने लगा है कि कहीं युद्ध के बीच गैस की किल्लत हम लोगों को न झेलना पड़े।वही गैस आपूर्ति की लोग मांग कर रहे हैं।कह रहे हैं कि अगर गैस नहीं मिला तो हम लोग रोड जाम करने को मजबूर हो जाएंगे।

मोहनिया प्रखंड के कमलेश पांडे और मोहम्मद जाकिर हुसैन ने बताया कि पिछले तीन दिनों से गैस के लिए हम लोग एजेंसी का चक्कर काट रहे हैं। पहले गैस होम डिलीवरी मिलता था, लेकिन अब टंकी लेकर एजेंसी पर आने के बाद भी गैस हम लोगों को नहीं मिल रहा है। एजेंसी मालिक को फोन करने पर कोई जवाब नहीं मिल रहा है। इसलिए तीन दिनों से प्रतिदिन हम लोग को बुला रहे हैं और गैस उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हम लोगों ने पदाधिकारी से भी शिकायत किए हैं।अगर गैस नहीं मिला तो गैस का टंकी चांदनी चौक मोहनिया के पास रखकर सड़क को हम लोग जाम कर देंगे। बाजार की दुकानों पर अगर गैस हम लोग दुगना पैसा 1800 से ?2000 देते हैं तो गैस आसानी से हम लोगों को मिल जाता है। कालाबाजारी अभी से ही गैस का होना शुरू हो गया है।

मोहनिया एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी ने मंगलवार की सुबह बताया की गैस की किल्लत से संबंधित कोई भी प्रकार का नोटिफिकेशन हम लोगों को नहीं मिला है।गैस की आपूर्ति अगर लोगों को नहीं हो रही है तो इसको लेकर बात किया जाएगा। ग्राहकों के लिए सख्त जानकारी दी गई है कि ऑफलाइन गैस नहीं मिलेगा। गैस ऑनलाइन बुकिंग करने वाले को ही 25 दिन के बाद नंबर लगेगा और मिलेगा।

# चांद में गैस सिलेंडर की किल्लत जमकर ब्लैक बेची जा रही है

**लोकतंत्र की आवाज**

**चांद ।** प्रखंड में अमेरिका एवं ईरान युद्ध के बीच पेट्रोलियम एवं रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत की अफवाह के बीच ग्रामीणों ने इकठ्ठा करना शुरू कर दिया है। इसी बीच चांद प्रखंड में गैस सिलेंडर का जबरदस्त किल्लत हो गई। खाना बनाने वाली गैस सिलेंडर को लेकर ग्रामीण इधर उधर भाग रहे थे ।इसी का फायदा उठाकर गैस एजेंसी की भीलीभगत से ब्रोकर के द्वारा गैस सिलेंडर ब्लैक बेचने की खबर है। गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया की गैस एजेंसी के पा सिलेंडर नहीं मिल रहा है। जबकि चांद अमांव खरिगंवा बाजार में ब्रोकरों के द्वारा कालाबाजारी किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर को 1700 से 1800 रूपए में ब्रोकरों के द्वारा बेचा जा रहा है। प्रखंड में इंडियन एवं भारत पेट्रोलियम की पाढी सिरबिट एवं किलनी में गैस एजेंसी है।चांद प्रखंड में कई उपभोक्ता भगवान पूर भभुआ चैनपुर आदि कई एजेंसी से घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त करते हैं। चांद बाजार में गैस सिलेंडर का ब्लैक बेचने पर कोई कारवाई नहीं हो रही है।

भारत सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थ एवं घरेलू गैस सिलेंडर की खपत के लिए आपातकालीन व्यवस्था लागू कर दिया है।ऐसे में चांद प्रखंड में घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी चिंता का कारण है। हालांकि डीजल पिट्रोल की उपलब्धता होने के बाद भी ग्रामीण बड़ी मात्रा में डीजल पिट्रोल की स्टाक रखना शुरू कर दिया है ।यह स्थिति तब है जब भारत सरकार ने आपातकालीन व्यवस्था लागू कर दिया है।ऐसे में बिना रोक टोक के ग्रामीण डीजल पिट्रोल का डैम्प किया जा रहा है।

# दिन दहाड़े व्यवसायी के दुकान से 1 लाख दस हजार कैश की चोरी, चोरी कर बाइक से भाग रहे चोर सीसीटीवी में कैद

**लोकतंत्र की आवाज**



■ **चोरी की घटना से व्यवसायी दहसत में, पुलिस की गस्त और कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**

**मोहनिया।** शहर के वार्ड नंबर 16 स्थित पुराने सिनेमा हॉल के पास पारले व्यवसायी सुशील कुमार के कैश काउंटर से दो अज्ञात चोरो ने 1 लाख दस हजार रुपए कैश की चोरी कर बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। उस समय दुकान पर सुशील कुमार की मां मौजूद थी। पीड़िता की पहचान मोहनिया वार्ड नंबर 16 निवासी उदय चंद्र केसरी की पत्नी गायत्री देवी के रूप में हुई है।

पीड़िता गायत्री देवी ने अपने दिए गए आवेदन में बताया की मेरा बेटा पारले कंपनी का काम करता है, आज सोमवार के दोपहर लगभग 1:30 बजे दो अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर आये और सामान लेने के विषय में बात करने लगे। उनमे से एक ने हमसे आंटा का पैकेट मांगा। हम जैसे ही आंटा का पैकेट निकालने के लिए अंदर गए वो दोनों अज्ञात युवक मेरे पैसे के गल्ले को नुकीले हथियार से तोड़कर उसमें रखें 1 लाख दस हजार रुपए लेकर फरार हो गए। हमने तुरंत डायल 112 पुलिस को सुचित किया,जहां सूचना पाकर घटना स्थल पर डायल 112 पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। यह सारी घटना बगल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

वहा मौजूद लोग पुलिस की गस्त और कार्यशैली पर सवाल उठा रहे थे, उनका कहना है की दिन दहाड़े इस तरह की घटना होना कहीं ना कहीं पुलिस की लापरवाही साफ तौर पर दिखाई दे रही है। जितना पुलिस नामजद अपराधियों को पकड़ने में तेजी दिखाती है उतना अज्ञात अपराधियों को पकड़ने में उनके आसपास भी दिखाई नही देती है।

इस संबंध में मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने मंगलवार की सुबह लगभग 6:15 बजे फोन पर जानकारी देते हुए बताया की पीड़ित ने आवेदन दिया है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# बहुजन समाज के बेटियों पर अमर्यादित भाषा लोकतंत्र के लिए ख़तरनाक: बिष्णु कुमार भूषण

**लोकतंत्र की आवाज**

**विनोद कुमार राम**




**भभुआ कैमूर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पूरे विश्व में महिलाओं को सम्मानित करने की बात कही जाती है वहीं भारत में राष्ट्रपति महामहिम द्रोपति मुर्मू, बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती के प्रति अपमानजनक शब्दों का उपयोग होता है, आने वाले दिनों में महिलाओं को सम्मान करने के बजाय अपमान किया जा रहा है यह संविधान के लिए ठीक नहीं।

उक्त बातें बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई कैमूर के प्रभारी विष्णु कुमार भूषण ने मंगलवार को हवेन इन्फिनिटी रियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय भभुआ में कहीं। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रपति महामहिम आदिवासी समूह से आने वाली महिला हैं। उनका प्रोटोकॉल का ध्यान रखना चाहिए इस पर राजनीति नहीं। उसी प्रकार बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती जी के ऊपर अश्लील गाना गाकर अमर्यादित भाषा का उपयोग किया जाता है।

उन्होंने बताया कि बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई कैमूर के तत्वावधान में स्थानीय लिच्छवी भवन में 15 मार्च को बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम जी का जयंती समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने जिले भर के पार्टी कार्यकर्ताओं से भागीदारी सत प्रतिशत सुनिश्चित करने का अपील किया।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो सगे भाई की हुई मौत मोहनिया के बरेज गांव के पास हुई घटना

**लोकतंत्र की आवाज**



**मोहनिया।** थाना क्षेत्र के बरेज गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो सगे भाई की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।यह घटना डीएफसीसी रेलवे ट्रैक पर हुई ।दोनों सगे भाई घर से रेल की पटरी पार कर अपने खेतों की तरफ जा रहे थे।


मृतक की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र के बरेज गांव के मदन शाह के 24 वर्षीय प्रिंस कुमार और 22 वर्षीय रोहित कुमार बताये जा रहे हैं।यह दोनों चार भाइयों में दूसरे और तीसरे नंबर पर थे। बड़ा भाई बाहर प्राइवेट नौकरी करता है, छोटा भाई घर पर रहता है। परिवार की माली हालत खराब होने के कारण यह दोनों भाई बरेज गांव में ठेला पर अंडा बेचने का काम करते थे ' सुबह में कुहासा बहुत ज्यादा था जिस कारण रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन दिखाई नहीं दिया।

मृतक के भाई राजकुमार गुप्ता ने बताया मेरे दोनों सगे भाई रोहित और प्रिंस रेलवे ट्रैक पार कर खेत की तरफ जा रहे थे तभी कुहासा बहुत ज्यादा होने के कारण ट्रेन को देख नहीं पाए और ट्रेन की चपेट में चले आए। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। लोगों ने हल्ला किया तो मैं रेलवे ट्रैक की तरफ आया तो देखे दोनों मेरे भाई हैं।

भभुआ रोड के आरपीएफ एएसआई एस के पांडे ने बताया बरेज गांव के पास डीएफसीसी रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से दो सगे भाई की घटना स्थल पर मौत हुई है। सूचना मिलते ही मैं घटना स्थल पर पहुंच हूं। मोहनिया थाना को सूचना दे दिया गया है। दोनों बच्चे गांव के ही हैं। आगे कार्रवाई की जा रही है।

# सिविल कोर्ट के अधिवक्ता युगेश चंद्र चौधरी मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती, अधिवक्ताओं ने किया आर्थिक मदद

**लोकतंत्र की आवाज**




**भभुआ कैमूर।** सिविल कोर्ट भभुआ के अधिवक्ता युगेश चंद्र चौधरी मेदांता हॉस्पिटल पटना में भर्ती हैं।उनके इलाज में खर्च ज्यादा लग रहा है उनके पुत्र निशांत चंद्र चौधरी ने जिला अधिवक्ता संघ से इलाज में खर्च हेतु आर्थिक सहायता मांगी थी। जिला अधिवक्ता संघ के तेजतर्रार अधिवक्ता मंटू पांडे ने सिविल कोर्ट भभुआ एवं अनुमंडल कोर्ट मोहनियां के अधिवक्ताओं से योगेश चंद्र चौधरी के इलाज हेतु आर्थिक सहायता का अपील किया था जिसमें मोहम्मद अब्दुल हक़– पांच 500,राजा कुमार– 1000,अंकित कुमार–551, अभिषेक कुमार–251, वीरेंद्र कुमार सिन्हा–1100, आरिफ अंसारी–5000, अनुपम गौरीशंकर–1000,रवि शंकर पांडे–1000, वाल्मीकि सिंह–1000, वीरेंद्र प्रसाद–1500, अमरकांत सिंह–1000,शिव शंकर सिंह–5000, रणधीर दुबे–500, मिथिलेश कुमार सिन्हा–500,मंगेश्वर सिंह–501, अभिषेक कुमार –500, कुमारी श्वेता –501, विकास कुमार –1000, अमित सिंह –250,भोलाजी सिंह –500, राकेश राय–500, धनंजय पाठक –500, नितेशवर प्रताप सिंह –500, फरहान अहमद –1000, मनोज दुबे –500 सहित काफी संख्या में मदद करने के लिए आगे आए हैं। सिविल कोर्ट भभुआ के अधिवक्ता मंटू पांडे बताया कि हमारे जिला अधिवक्ता संघ की सदस्य योगेश चंद्र चौधरी इलाज के क्त्रम में ज्यादा कर्जदार हो गये है। उनका आर्थिक मदद करना सभी अधिवक्ताओं का धर्म है।

# प्रखंड किसान सलाहकार समिति की बैठक संपन्न, आधुनिक खेती और किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

**लोकतंत्र की आवाज**



**रामगढ़।** प्रखंड कृषि कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय किसान सलाहकार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनीश कुमार पटेल,प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार मौजूद रहे। बैठक में किसानों के हितों, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और समिति के आगामी लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**समिति का उद्देश्य और कार्यप्रणाली :** बैठक के दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनीश कुमार पटेल ने बताया कि वर्ष की यह पहली बैठक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समिति का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर किसानों की समस्याओं को संकलित कर उन्हें जिला स्तर तक पहुँचाना है। साथ ही, पारंपरिक कृषि ज्ञान को आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़कर खेती को अधिक लाभप्रद बनाना है। समिति का मुख्य लक्ष्य 'किसान उत्पादक संगठनों' का निर्माण करना है, ताकि किसानों को उनके उत्पादों के प्रसंस्करण भंडारण और मार्केटिंग में सीधा सहयोग मिल सके।

प्रखण्ड कृषि अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि किसानों को परंपरागत खेती के साथ–साथ गर्मा फसल, कपास, ड्रैगन फ्रूट और मशरूम जैसी नकदी फसलों की ओर प्रेरित करने के लिए चौपाल और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

**योजनाओं का लाभ:** बैठक में बताया गया कि कृषि विभाग की योजनाओं, जैसे किसान सम्मान निधि और अन्य अनुदानों को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए अधिकारी गांव–गांव जाकर किसानों की आईडी बना रहे हैं।

**निरीक्षण और चुनौतियां:** पदाधिकारियों द्वारा खेतों में नलकूपों की जांच और सरसों जैसी फसलों की पैदावार का जायजा लिया जा रहा है। साथ ही, बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई और बीजों की उपलब्धता जैसी चुनौतियों पर भी गंभीरता से चर्चा की गई।

**"किसान समाज की रीढ़ हैं" :** अशोक चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि किसान समाज की रीढ़ हैं और उनकी खुशहाली ही सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जीविका दीदियों और कृषि सखियों के माध्यम से महिला किसानों को भी सशक्त बनाने की बात कही। बैठक में प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, तकनीकी प्रबंधक प्रभात कुमार, समिति के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

लोकतंत्र की आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक डिजीटल समाचार पत्र
अपना देश
नवादा, बुधवार, 11 मार्च 2026


## संक्षिप्त खबरें ।

### रामनवमी पूजा समिति का गठन, रंजीत ठाकुर दूसरी बार बने अध्यक्ष



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
हंटरगंज । प्रखंड के पाण्डेयपुरा स्थित ठाकुरबारी प्रांगण में शुक्रवार को रामनवमी पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रोहित अलवेला ने की। बैठक में रामनवमी पूजा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर महासमिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष के रूप में रंजीत ठाकुर, सचिव जगनरायण भारती, कोषाध्यक्ष विकाश कुमार, उपाध्यक्ष अंकित कुमार, उप कोषाध्यक्ष अभिराम शेखर तथा उपसचिव आनंद कुमार (विक्की) को चुना गया। वहीं सक्रिय सदस्यों में दीपक पासवान, अमन कुमार, राजा रमन कौशिक, मयंक कुमार, प्रिंस कुमार, प्रणीत कुमार, शुभम कुमार, अभिषेक कुमार, अनुराग कुमार, आदर्श कुमार, नीतीश कुमार, आदित कुमार और सौरव कुमार को शामिल किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी पूजा धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। सदस्यों ने कहा कि पिछले वर्ष रंजीत ठाकुर के नेतृत्व में रामनवमी का आयोजन भव्य और सफल रहा था। बैठक में समिति के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

### गांव-गांव पहुंचेगी पशु चिकित्सा सेवा, 1962 कॉल सेंटर को 24.7 घंटे रहेगा संचालित

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। पशुपालकों को उनके द्वार पर बेहतर पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के संचालन से संबंधित कार्यान्वयन निर्देशों में संशोधन किया गया है। इस व्यवस्था के तहत 1962 कॉल सेंटर को 247 संचालित किया जाएगा, ताकि पशुपालक किसी भी समय पशुओं के उपचार हेतु संपर्क कर सकें। नई व्यवस्था के अनुसार टश्व के चिकित्सक एवं कर्मी प्रतिदिन सुबह 8 :30 बजे से शाम 4 :30 बजे तक सेवाएँ प्रदान करेंगे। सुबह 8 :30 बजे से दोपहर 1 :30 बजे तक कॉल सेंटर से प्राप्त शिकायतों के आधार पर पशुओं का उपचार किया जाएगा, जबकि दोपहर 1 :30 बजे से शाम 4 :30 बजे तक प्रत्येक टश्व द्वारा निर्धारित गाँवों में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। दवाइयों की खरीद, वितरण और उपयोग की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर समिति द्वारा नियमित जांच की जाएगी। प्रत्येक टश्व के लिए दवा खरीद की अधिकतम सीमा 35,000 रुपये प्रति माह तथा ईंधन एवं वाहन मरम्मत हेतु अधिकतम 33,000 रुपये प्रति माह निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त सेवाओं की निगरानी के लिए डैशबोर्ड आधारित रियल—टाइम मॉनिटरिंग प्रणाली लागू की जाएगी तथा टेलीमेडिसिन के माध्यम से पशुपालकों को मोबाइल पर दवा पर्ची उपलब्ध कराई जा सकेगी। बेहतर समन्वय के लिए जिला स्तर पर संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकों का व्हाट्सऐप समूह भी बनाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य पशुपालकों को त्वरित, पारदर्शी एवं सुलभ पशु चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराना है, जिससे पशुधन के स्वास्थ्य संरक्षण और पशुपालन को बढ़ावा मिल सके।

### शिक्षा की कमी स्कूलों में ऑनलाइन गृह कार्य और एडमिशन फीस का कोई सीमा नहीं



लोक तंत्र की अवाज
रत्ना
लखनऊ । प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस बुके की बढ़ती हुई कीमत बच्चों के बेहतर भविष्य देने के लिए उनके माता—पिता अपनी खुशियों को काम करके बच्चों को अच्छी स्कूलों में पढ़ने की कोशिश करना और बच्चों की शिक्षा उसे कदर न पाना अगर फीस में 5 दिन का भी देर होता है तो देर फीस चार्ज वसूलना बच्चों पर क्लास की गृह कार्य को ऑनलाइन मोबाइल की थ्रू भेजना आजकल के बच्चे मोबाइल फोन के आदी होते जा रहे हैं जिसके कारण क्षमता याद करने की क्षमता कम होती जा रही है इसका कारण यह भी है कि बच्चे अपने उत्तर को बुको से कम मोबाइल से ज्यादा ढूंढतेहै इस कारण बहुत ही कम समय में उत्तरउन्हें मिल जाता है कहां जाता है इजी अवेलेबल इंग्लिश का एक शब्द है उसका वैल्यू ज्यादा नहीं होता इस तरह से अगर हमें मोबाइल के तुरंत मिल जाता है तो बच्चे अपने दिमाग का कब इस्तेमाल करते हैं

### डीएम, एसपी ने प्रस्तावित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस/ सम कक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025लिखित परीक्षा को सकुशल निष्पक्ष पारदर्शी कराने हेतु समीक्षा बैठक कर निर्देश दिए



लोकतंत्र की आवाज
उरई जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तावित ₹उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस/समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती—2025 की लिखित परीक्षा₹ को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु विकास भवन उरई में समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गयी एवं आवश्यक दिशा—निर्देश दिये गये ।

# जगदीशपुर में रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी तेज, कार्यालय का उद्घाटन

## 27 मार्च को निकलेगी भव्य शोभायात्रा, वृंदावन-काशी की झांकियां होंगी आकर्षण



लोकतंत्र की आवाज

**जगदीशपुर/भोजपुर** । रामनवमी के अवसर पर जगदीशपुर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। मंगलवार को वीर कुंवर सिंह किला मैदान स्थित साकेत कला कुंज रामलीला मंच प्रांगण में रामनवमी शोभायात्रा समिति के कार्यालय का उद्घाटन पद्मनाभ स्वामी जी महाराज द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। उद्घाटन के साथ ही कार्यालय कार्य करना शुरू कर दिया गया है।

इसके बाद समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बैठक कर आयोजन की रूपरेखा और तैयारियों पर चर्चा की। समिति के अध्यक्ष रंजन सिंह ने बताया कि आगामी 27 मार्च को निकलने वाली शोभायात्रा को इस बार भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारी की जा रही है। शोभायात्रा में वृंदावन, काशी और मथुरा सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों की आकर्षक झांकियां लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगी।

उन्होंने बताया कि स्थानीय कलाकारों की झांकियों के साथ हाथी, घोड़े और ऊंट भी शोभायात्रा में शामिल रहेंगे। गाजे—बाजे के साथ नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों रामभक्तों के शामिल होने की संभावना है। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जाएगी। समिति द्वारा निमंत्रण और धन संग्रह का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इसके लिए पदाधिकारी और सदस्य नगर पंचायत तथा आसपास के गांवों में जाकर लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके और शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाया जा सके।

इस मौके पर उप चेयरमैन धनुपरा देवी, मनजी चौधरी, सचिव मयंक दुबे, उपाध्यक्ष आनंद कुमार छोटू, मनी सिंह राठौड़, राजीव रंजन चीकू, विशाल सिंह, अमर चौरसिया, नंद गोपाल चौधरी, मिलिंद चौधरी, आदित्य गुप्ता, राजू मिश्रा, अरुण सिंह, अर्जुन प्रसाद, मुकेश कुशवाहा, नागेंद्र केशरी, रवि गुप्ता, सत्यदेव प्रसाद, आलोक भारद्वाज, संजय पासवान व संध्या सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# यूसीसी लागू करने का सही समय', सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, मुस्लिम महिलाओं के लिए कही ये बात

लोक तंत्र की आवाज




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज मंगलवार को समान नागरिक संहिता (विक्रमशिला) पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में अब इस विषय पर विचार करने का सही समय आ गया है। हालांकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शरीयत कानून की धाराओं को रद्द करने जैसे संवेदनशील मुद्दे पर अंतिम फैसला लेना विधायिका का अधिकार क्षेत्र है।

मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने की, जिसमें जॉयमाल्या बागची और आर. महादेवन भी शामिल थे। पीठ 1937 के मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इन्हें मुस्लिम महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताया गया है।

**मुस्लिम महिलाओं के लिए कही ये बात :** सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि न्यायालय शरियत कानून के उत्तराधिकार संबंधी प्रावधानों को रद्द कर देता है, तो इससे एक कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाला कोई अन्य स्पष्ट कानून मौजूद नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा कि सुधार की जल्दबाजी में ऐसा कदम उठाना उचित नहीं होगा जिससे महिलाओं को वर्तमान से भी कम अधिकार मिल जाएं। उन्होंने पूछा कि यदि 1937 का शरियत कानून समाप्त हो जाता है तो उसके स्थान पर क्या व्यवस्था लागू होगी।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने भी कहा कि याचिका में भेदभाव का मुद्दा मजबूत है, लेकिन इस विषय पर निर्णय लेना संसद के लिए अधिक उपयुक्त होगा, क्योंकि संविधान के नीति—निर्देशक सिद्धांतों में समान नागरिक संहिता लागू करने का दायित्व विधायिका को दिया गया है।

अदालत ने यह भी कहा कि पहले भी कई बार न्यायालय संसद से समान नागरिक संहिता लागू करने पर विचार करने की सिफारिश कर चुका है। पीठ के अनुसार, सामाजिक और व्यक्तिगत कानूनों में व्यापक सुधार के लिए विधायी प्र्रिरया ही सबसे उपयुक्त रास्ता है। इस दौरान अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि अदालत यह घोषणा कर सकती है कि मुस्लिम महिलाओं को पुरुषों के बराबर उत्तराधिकार अधिकार मिलना चाहिए। उनका तर्क था कि यदि शरियत कानून की विवादित धाराएं हटाई जाती हैं तो ऐसे मामलों में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम लागू किया जा सकता है।

## कोच पुलिस ने वांछित/वारंटियों अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर तीन को पकड़ा




**लोकतंत्र की आवाज**
**कोच जालौन।** पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार के दिशा निर्देशन में कोच पुलिस ने वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोच कोतवाली पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त 1.दयाराम पुत्र श्री ताती कुशवाहा निवासी ग्राम कौशलपुर थाना कोंच जिला जालौन 2. बिन्चुक उर्फ इसरार पुत्र सुलेमान निवासी मु0 आजाद नगर कोतवालीकोंच जिला जालौन 3.रामकुमार ढीमर पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम अण्डा कोतवाली कोंच जिला जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

## राजू वर्णवाल बने श्री रामनवमी केंद्रीय पूजा समिति, गया जी के अध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज

**गया जी।** आगामी श्री रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आज गया जी के प्रसिद्ध समाजसेवी राजू वर्णवाल जी के आवास पर श्री रामनवमी केंद्रीय पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से राजू वर्णवाल जी को समिति का नया अध्यक्ष चुना गया है।

समिति के सदस्य संजू साव ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री रामनवमी की भव्य शोभा यात्रा का नेतृत्व केंद्रीय पूजा समिति के अध्यक्ष द्वारा किया जाता है। इस वर्ष सर्वसम्मति से राजू वर्णवाल जी को अध्यक्ष बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि राजू वर्णवाल जी एक सक्रिय एवं लोकप्रिय समाजसेवी हैं और उनके नेतृत्व में इस बार की शोभा यात्रा और भी भव्य होगी।




नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजू वर्णवाल ने कहा कि इस वर्ष की श्री रामनवमी शोभा यात्रा ऐतिहासिक होगी। गया जी के सभी रामभक्त पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ इसमें भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे शहर के लोग इस धार्मिक आयोजन में बढ़—चढ़कर हिस्सा लेंगे और यह यात्रा भव्यता की नई मिसाल बनेगी। महिला संयोजिका सीमा सिन्हा ने कहा कि इस बार शोभा यात्रा में मातृशक्ति की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिलेगी। बड़ी संख्या में महिलाएँ पारंपरिक भारतीय परिधान में शामिल होकर यात्रा की शोभा बढ़ाएँगी।

**आगामी श्री रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं**

मीडिया प्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि श्री रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर विभिन्न समितियों के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं, ताकि यात्रा को सुव्यवस्थित, भव्य और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके। इस अवसर पर कार्याध्यक्ष क्षितिज़ मोहन सिंह, मानी लाला बारीक, भोला पटेल, हिमांशी कुमार, कौशलेंद्र कुमार, नवीन वर्मा, सूरज सिंह, नवीन आर्य, साकेत झा, चंदन भदानी, शशि कुमार, कमल बारीक, मनीष सिंह, नवीन कुमार, विकास कुमार, मुन्ना कुमार, प्रशांत कुमार, बबन सिंह, अमित मोहन जी, अजय राजू, विनायक सिंह, शिशुपाल जी, पप्पू जी, राकेश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विक्रमशिला महोत्सव स्थल पर पंडाल निर्माण प्रक्रिया अंतिम चरण में, 13 से 15 तक होगा आयोजन

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती/ कहलगांव।** कहलगांव के विक्रमशिला विश्वविद्यालय के निकट पर्यटक स्थल की जमीन पर विक्रमशिला महोत्सव हेतू पंडाल निर्माण का कार्य द्रुत गती से चल रहा है। विदित है कि 13, से 15 मार्च तक चलने वाला महोत्सव कार्यक्रम में इस वार 13 मार्च को दंगल प्रतियोगिता का भी लुफ्त भी दर्शक उठा पाएंगे। इसके आलावे संस्कृत कार्यक्रम, वाद विवाद, चित्रांकन, लेखनीय आदी प्रतियोगिता विभिन्न विद्यालयों से चुनें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता को 28 फरवरी को ही आर सी स्तर पर प्रतियोगिता करा कर फिर 6 मार्च को सीआर सी स्तर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता को महोत्सव स्थल पर पारितोषित वितरण किया जायेगा।

भव्यतापूर्वक महोत्सव हो प्रशासन लगातार अपनी पैनी नजर मंच, पंडाल, प्रर्दशनी स्टाल, दर्शक दीर्घा , दंगल स्थल, पार्किंग स्थल को बारिकी से देख रहे हैं। महोत्सव को आकर्षक एवं भव्य बनाने हेतु आकर्षक त्वरण द्वार एवं गेट निर्माण कराए जा रहे हैं। कहलगांव अनुमंडल पदाधिकारी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री मनीष कुमार मौके पर पहुंच कर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं

महोत्सव समिति के नगर पंचायत के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार डॉक्टर प्रवीण कुमार राणा, पवन कुमार भारती, मुखिया ललीता देवी, पंडाल निर्माता सुप्रिया भारती, नगर पंचायत सफाई सुपरवाइजर वासुदेव रविदास स्वच्छता प्रबंधन राहुल कुमार पप्पू कुमार, संतोष कुमार, विरेन्द्र कुमार के आलावे समिति के सदस्य बेहतर से वेहतर एवं अति सुंदर कार्यक्रम करने हेतु लगे हुए हैं।

## 500रुपये के लिए बेटे ने ली जान



**लोक तंत्र की अवाज**

**रत्ना**
**लखनऊ ।** शिक्षा का इतना कमी हो गया व्यवहार भी भूल गए संस्कार खत्म हुआ बच्चों के अंदर उग्रभाव आता जा रहा है जिसके कारण घरों में तनाव बढ़ता और अपने ही हाथों से अपने जन्म दिए हुए पिता को ?500 के लिए दर्दनाक मौत मोहनलालगंज इलाके के एक गांव में पिता राम करन की हत्या करने वाले किशोर को मंगलवार को पुलिस ने बाल सुधार गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर की हड्डी टूटने से राम करन की मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि पिता शराब के लती थे। आए दिन उससे और मां से मारपीट करते थे ।एक हफ्ते पहले घर में रखा राशन भी उन्होंने बेच डाला था। मां ने जब विरोध किया तो उन्हें लात घूसों से जमकर पीटा, गला दबाकर मारने का प्रयास किया था। डरकर मां ननिहाल चली गई थी। नाबालिग के मुताबिक, सोमवार को भी पिता ने उन्हें पीटा था ।इंस्पेक्टर ने बताया कि वारदात में प्रयुक्त लाठी भी बरामद कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर की हड्डी टूटने से मौत की पुष्टि हुई है।

## लखनऊ में बढ़ा एलपीजी का संकट, दो-तीन दिन बाद में भी नहीं पहुंच रहा सिलेंडर, एजेंसियों पर लोगों की कतार

लोक तंत्र की अवाज़



**रत्ना**
**लखनऊ।** खाड़ी देशों में युद्ध की आग हमारे आपके घरों तक पहुंच गई है। गोमतीनगर निवासी रोहित यादव ने सोमवार को एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग की थी और मंगलवार रात तक उनके घर तक गैस नहीं पहुंची थी।

एजेंसी से लगातार यही बताया जाता रहा कि अभी गाड़ी नहीं पहुंची है। शहर के दूसरे क्षेत्रों में भी उपभोक्ताओं का यही हाल है ।व्यावसायिक सिलेंडरों पर रोक के बावजूद घरेलू उपभोक्ताओं की बुकिंग के बाद भी सिलेंडर के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। सिलेंडर मिलने में हो रही देरी की खबरों के बीच उपभोक्ताओं को बुकिंग करने में भी समस्या हो रही है। गोमतीनगर की ही तरह अलीगंज, महानगर, आशियाना, राजाजीपुरम और आलमबाग सहित शहर के अधिकांश इलाकों में एजेंसियों के बाहर उपभोक्ता सिलेंडर के लिए कतारों में देखे गए। कई जगहों पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा ।उपभोक्ताओं का आरोप है कि कई संचालक कालाबाजारी कर रहे हैं। एजेंसी संचालकों का कहना है कि संकट के कारण डिमांड के अनुरूप डिपो से गैस नहीं मिल पा रही है जिससे देरी हो रही है। सिलेंडर मिलने में देरी और स्टाक खत्म होने की खबरों पर इंडियन आयल ने बयान जारी किया है इंडियन आयल का कहना है कि हमारे पास पर्याप्त स्टाक है इसलिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। जिला आपूर्ति अधिकारी विजय प्रकाश का कहना है कि प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## उरई राठ मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार युवक की नहर में जा गिरी बाइक, युवक लापता 14 घंटे बाद पहुंची एसडीआरएफ, रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू

लोकतंत्र की आवाज





**डकोर जालौन ।** उरई - राठ मार्ग पर देर रात एक सड़क हादसा हो गया। जहां एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नहर पुल के डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक चला रहा युवक जय हिंद विश्वकर्मा नामक युवक नहर में गिरकर लापता हो गया। घटना का पता मंगलवार सुबह चला जब क्षतिग्रस्त बाइक पुल पर मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है।

हमीरपुर जनपद के राठ थाना क्षेत्र के विगवा गांव निवासी 25 वर्षीय जय हिंद विश्वकर्मा सोमवार देर रात करीब एक बजे उरई में अपनी बुआ सुनीता के घर से बाइक पर अपने गांव के लिए निकले थे। रास्ते में नहर पुल के डिवाइडर से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण लगी थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और जय हिंद नहर में गिर गए। मंगलवार सुबह एक राहगीर ने सड़क किनारे क्षतिग्रस्त बाइक देखी और तुरंत डकोर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक के आधार पर युवक की पहचान कर परिजनों को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलने पर युवक के पिता देवेंद्र और बड़े भाई आनंद मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि सुबह बुआ सुनीता का फोन आया था, जिन्होंने बताया कि जय हिंद रात में उनके घर से गांव के लिए निकले थे, लेकिन वह घर नहीं पहुंचे।

घटना के 14 घंटे बीत जाने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस बीच, रऊफा पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया, जिससे उसे जल्द से जल्द खोजा जा सके। बेटे के लापता होने से पिता देवेंद्र और अन्य परिजनों में गहरा दुख है। वे प्रशासन से जल्द से जल्द खोजबीन शुरू कर युवक का पता लगाने की लगातार मांग कर रहे हैं। डकोर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडे ने बताया रऊफा पहुंच कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। जल्द ही युवक की तलाश कर ली जाएगी।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।